मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

भोपाल

गुरुवार 13 फरवरी 2025

■ वर्ष: 30 ■ अंक: 49

■ पेज: 8 ■ मूल्य: 1.50/- रुपए



## चुपके-चुपके

### ईमानदारी का आतंक ये सुधार या अत्याचार ?

प्रदेश में 2014 बैच की एक कड़क आईएएस अधिकारी ने ईमानदारी के नाम पर ऐसा आतंक मचा दिया है कि दफ्तर का माहौल सरकारी कम, मिलिट्री कैंप ज़्यादा लगने लगा है! मातहत अधिकारी और कर्मचारी उनके रवैये से इतने परेशान हो चुके हैं कि कोई तबादले की अर्ज़ी लिए घूम रहा है तो कोई सिर दर्द की दवा खा रहा है। ईमानदारी और सख्ती अच्छी बात है, लेकिन जब प्रशासनिक सुधार के नाम पर कामकाज ठप होने लगे और मातहतों में खौफ घर कर जाए, तो यह सुधार कम, तानाशाही ज़्यादा लगती है। दफ्तरों में डर का ऐसा माहौल बना दिया गया है कि अब काम करने से ज़्यादा, गलती न करने की टेंशन रहने लगी है! खबरची का कहना है कि अधिकारी महोदया सच में सिस्टम सुधार रही हैं या फिर खुद को सुपरकॉप आईएएस साबित करने में लगी हैं?

-खबरची

## सीएम यादव ने की इन्वेस्टर्स से वन-टू-वन चर्चा



**भोपाल/नई दिल्ली, ईएमएस।** मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली के ताजमहल होटल में निवेशकों से मुलाकात की। इस कार्यक्रम की शुरुआत औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह के भाषण से हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्यक्तिगत रूप से निवेशकों से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। निवेशकों को सरकारी नीतियों और प्रोत्साहनों के बारे में विस्तार से बताया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, टैक्स बेनिफिट्स और सरकारी सहयोग को लेकर इन्वेस्टर्स की शंकाओं का समाधान किया गया। राज्य सरकार निवेशकों को तेज़ मंजूरी, कम लागत और बेहतर व्यापारिक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि यही समय है, सही समय है। मध्य प्रदेश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। एमपी में निवेश के लिए यह बेहतरीन अवसर है। सीएम मोहन यादव खुद औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री हैं, जिससे निवेशकों को अतिरिक्त समर्थन मिलेगा। भोपाल के मानव संग्रहालय में होने वाली जीआईएस-2025 समिट की भव्यता निवेशकों को चौंका देगी।

### पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी होंगे शामिल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में एमपी-जीआईएस 2025 का शुभारंभ करेंगे।
- 25 फरवरी को समापन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे।
- मध्यप्रदेश सरकार जीआईएस-2025 की तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है और देश-विदेश के निवेशकों से लगातार संवाद कर रही है।
- क्या एमपी-जीआईएस 2025 से बदल जाएगी निवेश की तस्वीर?
- रिन्युएबल एनर्जी, आईटी, स्टार्टअप्स, टूरिज्म और माइनिंग जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश समझौते हो सकते हैं।
- नौकरी के अवसरों में बढ़ोतरी होगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।
- विदेशी और घरेलू निवेशकों को मध्यप्रदेश में बेहतर इन्फ्रास्टक्चर और व्यापारिक माहौल मिलेगा।
- एमपी-जीआईएस 2025 निवेश और विकास के नए अवसरों का द्वार खोल सकता है!

माघ पूर्णिमा पर उमड़ा कुंभ में आस्था का सैलाब...

## करीब 2.5 करोड़ लोगों के स्नान का अनुमान

### सीएम योगी सुबह 4 बजे से वॉर रुम में बैठकर करते रहे निगरानी

**प्रयागराज, ईएमएस।** प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा अवसर पर स्नान करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक 1.59 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि बुधवार को माघ पूर्णिमा के दिन 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।

योगी सरकार के द्वारा श्रद्धालु पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव हुआ है। प्रयागराज शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। हालांकि, यह बेहद सीमित हैं। इतना ही नहीं संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़े। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीएससी अफसर तैनात किए गए हैं। इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अधिकारी भी माजूद हैं। महाकुंभ का आज 31वां दिन है। इसके पहले 4 अमृत स्नान पर्व हो चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक करीब 46 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### लंदन, बैंकॉक जाने से महंगा हुआ महाकुंभ जाना

महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और लोगों की जरुरत के चलते कंपनिया इसका फायदा उठा रही हैं। खासतौर से एयरलाइंस कंपनियां कुछ ज्यादा ही इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। यही वजह है कि लंदन, बैंकॉक जाने से भी ज्यादा महंगा महाकुंभ जाना हो गया है। मौजूदा समय में दिल्ली से प्रयागराज के लिए हवाई किराया 80,000 रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लंदन की एकतरफा टिकट मात्र 3100 रुपये में मिल रही है।

## फटाफट खबरें

### ट्रंप की अमेरिकी न्यूज एजेंसी पर रोक

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी न्यूज एजेंसी एसोसिएट प्रेस (एपी) को राष्ट्रपति ऑफिस (ओवल ऑफिस) में रिपोर्टर भेजने से रोक दिया। न्यूज एजेंसी का दावा है कि उसके द्वारा गल्फ ऑफ मैक्सिको की जगह गल्फ ऑफ अमेरिका नाम इस्तेमाल नहीं किया था, इस वजह से ऐसा किया गया है। एपी की कार्यकारी संपादक जूली पेस ने बताया कि व्हाइट हाउस ने कहा है कि अगर न्यूज एजेंसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी एडिटोरियल पॉलिसी को मैच नहीं किया।

### दान में मिले वीआर हेडसेट में धमाका

**कीव, ईएमएस।** हाल ही में रूसी सैनिकों को वीआर हेडसेट एक कंपनी ने दान किए थे। जब सैनिकों ने इसका उपयोग किया तो इसमें जबरदस्त धमाका हो गया। हालांकि इससे धमाके में कितने सैनिकों को नुकसान पहुंचा या नहीं पहुंचा इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई। अब इस मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि लेबनान में पिछले साल सैकड़ों पेजर्स अचानक एक साथ बजने लगे। लोगों ने जब उन्हें निकालकर देखा तो वह ब्लास्ट हो गए। 30 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों घायल हुए।

### मार्च में लौटेंगी सुनीता विलियम्स

**वाशिंगटन, ईएमएस।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही धरती पर वापस आने वाले है। नासा ने बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। इसके पहले दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए मार्च अंत या अप्रैल की समय सीमा तय की गई थी। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं। उन्हें एक सप्ताह के बाद लौटना था।

मुफ्त स्कीम पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बोला- परजीवियों की जमात खड़ी न करें सरकारें

# जल्द बंद होंगी मुफ्त की रेवड़ियां !

### लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि फ्री राशन मिल रहा, बिना काम किए पैसे मिल रहे

● नई दिल्ली, ईएमएस

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव के समय की जाने वाली मुफ्त बांटने वाली योजनाओं को गलत ठहराया है। अदालत ने कहा, कि आप मुफ्त राशन दे रहे, इसलिए लोग काम करना नहीं चाहते हैं। उन्हें बिना कुछ किए ही पैसे दे रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ड मसीह की डबल बेंच ने शहरी क्षेत्रों में बेघर लोगों को आसरा दिए जाने वाली याचिका पर 12 फरवरी को सुनवाई करते हुए मुफ्त स्कीम को गलत बताया। इस मामले पर अगली सुनवाई 6 हफ्ते बाद की जाएगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि आपकी परेशानी को हम समझते हैं और सराहना करते हैं। वहीं कोर्ट ने कहा कि क्या यह अच्छा नहीं होगा कि आप इन लोगों को मुख्यधारा से जोड़ें और उन्हें देश के विकास का अहम हिस्सा बनाएं।

इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने केंद्र सरकार से सवाल किया, कि कितने वक्त में शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन पूरा होगा। इसके लिए कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वो केंद्र से जवाब लें और बताएं। इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने अपने जवाब में कहा कि केंद्र जल्द ही अपने इस मिशन को पूरा करेगा, इसमें शहरी बेघरों के लिए घर जैसी व्यवस्था और कई अन्य समस्याओं को शामिल किया गया है।

### आखिर कब तक बांटेंगे मुफ्त राशन ?

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा, कि आखिर सरकार कब तक यूं ही मुफ्त राशन बांटेगी? यहां बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट ने यह पहली बार नहीं कहा है, बल्कि इससे पहले भी फ्रीबीज को लेकर कोर्ट सख्त टिप्पणी कर चुकी है। दरअसल 9 दिसंबर 2024 को भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के मुफ्त राशन बांटने पर सख्त टिप्पणी की थी। तब कोर्ट ने कहा था, कि कब तक इस तरह मुफ्त राशन बांटा जाएगा। सरकार आखिर रोजगार के अवसर क्यों नहीं उत्पन्न कर रही? यह टिप्पणी अदालत ने अकुशल मजदूरों को मुफ्त राशन कार्ड दिए जाने से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए की थी।



### फ्रीबीज पर कोर्ट में हैं ये याचिकाएं

फ्रीबीज को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दो प्रमुख याचिकाएं लगी हैं। इनमें जनवरी 2022 में भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। वहीं अक्टूबर 2024 में एक और याचिकाकर्ता शशांक जे श्रीधर ने यह कहते हुए, कि फ्रीबीज को रिश्वत माना जाए, अपनी याचिका दाखिल की। याचिकाकर्ता के वकील बालाजी श्रीनिवासन ने 14 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच के समक्ष इस मामले को उठाया था। उनका कहना था, कि विधानसभा या आम चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा फ्री योजनाओं का मतदाताओं से वादा करना, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत रिश्वत या वोट के लिए प्रलोभन देना माना जाए।

### क्या कहता है चुनाव आयोग

इस मामले में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा था, कि फ्री स्कीम्स की परिभाषा अदालत ही तय करें। सुनवाई के दौरान 11 अगस्त को चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्रीबीज पर राजनीतिक दल क्या पॉलिसी अपनाते हैं, उसे रेग्युलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। मुफ्त स्कीम्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है, कि राज्यों के पास फ्रीबीज के लिए तो पैसा है, लेकिन जजों की सैलरी और पेंशन देने के लिए नहीं है। अदालत ने तब यहां तक कहा था कि मांग की जाती है तो वित्तीय संकट का हवाला दे दिया जाता है। इस मामले में कोर्ट सख्त है इसलिए इस तरह की टिप्पणी करने से नहीं चूक रहा है।

### '498ए की तरह ही पीएमएलए का भी दुरुपयोग हो रहा'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग कानून यानी पीएमएलए का भी दहेज कानून की ही तरह गलत इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने यह टिप्पणी छत्तीसगढ़ में हुए कथित शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण पति त्रिपाठी की जमानत देते हुए की। जस्टिस अभय ओक ने मामले में ईडी को फटकार लगाते हुए कहा कि 498ए की तरह ही पीएमएलए का भी दुरुपयोग हो रहा है।

### शीना बोरा हत्याकांड: इंद्राणी को विदेश जाने की नहीं दी इजाजत



शीना बोरा हत्या मामले में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को सुप्रीम कोर्ट से झटका दिया है। कोर्ट ने मुखर्जी को विदेश जाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी की याचिका पर निचली अदालत को यह निर्देश दिया कि वह एक साल के अंदर इस मामले की ट्रायल पूरा करे। कोर्ट ने इंद्राणी को विदेश जाने की अनुमति देने के अनुरोध पर राहत नहीं दी है। इंद्राणी मुखर्जी ने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने उनकी विदेश जाने की याचिका खारिज कर दी थी।

### 41 साल बाद कांग्रेस नेता सज्जन कुमार दोषी करार, 18 फरवरी को सजा सुनाएगी अदालत

करीब 41 साल बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस



सांसद सज्जन कुमार को सिख दंगों के दौरान दो सिखों की हत्या के मामले में दोषी मना है। कोर्ट 18 फरवरी को सजा का ऐलान करेगी। इसके पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने एक अन्य मामले में सज्जन कुमार को दोषी मनाकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी। उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया गया था। पहले से ही वे तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं। 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह की हत्या की गई थी। पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन में सज्जन कुमार के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

एआई एक्शन समिट में दिखी पीएम मोदी-मैक्रों की दोस्ती एक ही विमान में हुए सवार, मैक्रों ने कहा...

## भारत-फ्रांस दो महान शक्तियां हमारे बीच विशेष संबंध



**पेरिस, ईएमएस।** पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें समय और सम्मान दिया है। यह दोनों नेताओं के बेहतर आपसी समझ और गहरी दोस्ती को दर्शाता है। पीएम मोदी की यात्रा के पहले दिन मैक्रों ने रात्रिभोज पर बातचीत की। अगले दिन एआई एक्शन समिट में भी यह सौहार्दपूर्ण माहौल नजर आया। भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की मेजबानी की, जो आर्थिक सहयोग के लिए साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

एक संयुक्त काफिले के साथ दोनों नेता एक ही विमान में मार्सिले पहुंचे। राष्ट्रपति मैक्रों ने पीएम मोदी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की। मैक्रों दरअसल पीएम मोदी के दौरे को लेकर उत्साहित थे। एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वह और पीएम मोदी 'तकनीकी संप्रभुता' के लिए प्रयास करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम मोदी की तरह हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं और हमारे बीच विशेष संबंध हैं। हम अमेरिका का सम्मान करते हैं और उसके साथ काम करना चाहते हैं, हम चीन के साथ भी काम करना चाहते हैं, लेकिन किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस अग्रणी हैं लेकिन अमेरिका और चीन हमसे बहुत आगे हैं। हम एआई पर एक साथ काम करना चाहते हैं। पीएम मोदी भी नई टेक्नोलॉजी का फायदा उठाना चाहते हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि यह भारत में भी हो।

### पीएम मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर आतंकी हमले की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने कंट्रोल रूम में कॉल कर पीएम मोदी की आधिकारिक विदेश यात्रा के दौरान हमले की चेतावनी दी थी। मुंबई पुलिस के हवाले से बताया गया, कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आया जिसमें चेतावनी देते हुए कहा गया, कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं ऐसे में उनके विमान पर आतंकवादी हमला कर सकते हैं। इस धमकीभरे संदेश के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धमकी देने वाले शख्स को मुंबई के चेंबूर इलाके से हिरासत में ले लिया है। जांच में पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

### अभिजीत मुखर्जी की कांग्रेस में वापसी

**कोलकाता, ईएमएस।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद घर वापसी करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। बुधवार को मुखर्जी फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2012 और 2014 में जंगीपुर से सांसद रहे मुखर्जी 2019 में लोकसभा चुनाव में हार गए थे। बता दें कि उनकी बहन शर्मिष्ठा मुखर्जी ने हाल में ही कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था।

## राममंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन



### पीएम सहित कई दिग्गजों ने दु:ख जताया

**अयोध्या, ईएमएस।** श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर आते ही लोगों का मन दुखी हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई दिग्गज नेताओं ने दुख व्यक्त किया है।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, परम रामभक्त, राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र कुमार दास महाराज का निधन अत्यंत दु:खद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा सांसद रवि किशन ने भी एक्स पर लिखा कि राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येंद्र दास जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है।

### अभिनेता कमल हासन अब पहुचेंगे राज्यसभा

**चैन्नई, (ईएमएस।** तमिल फिल्म के सुपरस्टार और नेता कमल हासन बहुत जल्द राज्यसभा



सदस्य बन सकते हैं। कमल हासन को स्टालिन की पार्टी डीएमके राज्यसभा पहुंचा सकती है। बुधवार को तमिलनाडु के हिंदू धार्मिक और चैरिटेबल बंदोबस्ती मंत्री पीके शेखर बाबू ने कमल हासन से उनके घर पर जाकर मुलाकात की। इसके बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल, कमल हासन ने मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) नाम से अपनी पार्टी बनाई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में वह इंडिया गठबंधन में शामिल हो गए थे।

वित्तमंत्री सीतारमण के बयान पर प्रियंका गांधी का तंज

## वे किस ग्रह पर रह रहीं मुझे नहीं पता



**नई दिल्ली, ईएमएस।** कांग्रेस सांसद और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह (निर्मला सीतारमण) किस ग्रह पर रह रही हैं। वे कह रही हैं कि महंगाई नहीं है, बेरोजगारी नहीं बढ़ी है, कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

दरअसल प्रियंका वाड्रा का ये बयान वित्तमंत्री के संसद में दिए बयान पर आया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में यूपीए सरकार की तुलना में पीएम मोदी की सरकार में महंगाई काफी कम है। सीतारमण ने बताया कि यूपीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान खाद्य महंगाई 11 प्रतिशत थी, जो चौंकाने वाली थी। एनडीए सरकार के तहत खाद्य महंगाई 2014 से 2024 तक 5.3 प्रतिशत तक कम हो गई। यूपीए के समय में देखी गई 10 प्रतिशत की दोहरे अंकों की महंगाई अब नहीं है। वहीं डीएम के सांसद कनिमोझी ने बताया कि वित्तमंत्री सीतारमण का बजट पर लोकसभा में उनका जवाब राजनीति से प्रेरित था। मुझे नहीं लगता कि यह संसद में हुई चर्चा का जवाब था, क्योंकि बहुत सारे प्रासंगिक सवाल उठाए गए थे। लेकिन वित्त मंत्री वास्तव में विशेष राज्य सरकारों को जवाब दे रही थीं और इस बहुत राजनीतिक बना रही थीं।

## आज का कार्टून




गिरते रुपए को थामने आरबीआई का अहम कदम

## बैंकिंग सिस्टम में डालेगा 2.5 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, ईएमएस।** रुपए में आ रही गिरावट को रोकने के लिए आरबीआई ने पहले



तो मुद्रा विनिमय बाजार यानी फॉरेक्स मार्केट में उसे 4 से 7 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपए डालने पड़े ताकि रुपए में आ रही गिरावट को रोका जा सके। अब भारतीय बैंकिंग सिस्टम में भी रिकॉर्ड पैसा डालने की तैयारी कर रहा है। जाहिर है ये सभी कोशिशें पिछले 2 सत्रों से विदेशी मुद्रा बाजार में जारी गिरावट को थामने के लिए की जा रही हैं।

### शेयरों की कीमतों में हेराफेरी... कंपनियां बैन

सिक्योरिटी एंड मार्केट एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने हिमाचल प्रदेश की कंपनी एलएस इंडस्ट्रीज और इससे जुड़ी 4 अन्य कंपनियों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें मार्केट से बैन किया है। इन कंपनियों पर शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने और दुबई से जुड़े एक बड़े निवेश के जरिए गड़बड़ी करने का आरोप है।

संविधान की प्रति में चित्रों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई तीखी बहस, सभापति ने कहा...

## मूल प्रति में 22 चित्र थे, जो भारत की संस्कृति को दर्शाते हैं

● नई दिल्ली, ईएमएस



राज्यसभा में संविधान की प्रति में चित्रों की गैरमौजूदगी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। बीजेपी सांसद आरएमडी अग्रवाल ने कहा कि बाजार में उपलब्ध संविधान की प्रतियों में रामायण, महाभारत और भारतीय इतिहास से जुड़े चित्र नहीं हैं, जबकि ये मूल पाठ का हिस्सा थे। मंगलवार को आरएमडी अग्रवाल ने विशेष उल्लेख के दौरान कहा कि संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, अर्जुन को गीता का उपदेश देते भगवान कृष्ण, महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मीबाई, शिवाजी और अन्य के चित्र शामिल थे, लेकिन अब प्रकाशित हो रही प्रतियों में ये चित्र नहीं हैं। इस पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को अनावश्यक विवाद में घसीटने का प्रयास बताया और आरोप लगाया कि यह डॉ. भीमराव अंबेडकर की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। खड़गे ने पूछा कि ये चित्र कहां हैं? क्या आपने कभी संविधान की मूल प्रति में इसे देखा है? सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि संविधान की मूल प्रति में 22 चित्र थे, जो भारत की 5000 साल पुरानी सांस्कृतिक यात्रा को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि इन चित्रों को शामिल न करना अपमानजनक होगा।

वहीं बीजेपी के राज्यसभा नेता जेपी नड्डा ने सदन में कहा कि सदस्य ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार संविधान से जुड़ी भावनाओं का सम्मान करेगी और उचित कदम उठाएगी। नड्डा ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे इसे राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं, जबकि अग्रवाल ने अंबेडकर को लेकर कुछ भी गलत नहीं कहा। विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाते हुए सदन में हंगामा किया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा कि उनके आईपैड में संविधान की 404 पन्नों की प्रति है, जिसमें भी चित्र नहीं हैं, तो क्या इसे भी अवैध माना जाएगा? संविधान की मूल प्रति जब संविधान 1950 में अपनाया गया था, तब उसकी हस्तलिखित मूल प्रति में भारतीय संस्कृति को दर्शाने वाले कई चित्र शामिल थे, जिन्हें मशहूर कलाकार नंदलाल बोस और उनके सहयोगियों ने बनाया था। वर्तमान प्रतियां संविधान की मुद्रित प्रतियों में आमतौर पर ये चित्र नहीं होते, क्योंकि वे केवल मूल हस्तलिखित संस्करण में मौजूद थे।

### मेंटल और फिजिकल हेल्थ को संतुलित रखना सफलता की कुंजी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय छात्रों के लिए कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का दूसरा एपिसोड आज यानी 12 फरवरी को सुबह प्रसारित किया गया। इस विशेष एपिसोड में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने मेंटल हेल्थ और छात्र कल्याण के महत्व को बातया।



### वायु सेना प्रमुख हुए नाराज

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2025 में हल्के लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में देरी को लेकर नाराजगी जताई थी। एयरचीफ मार्शल का जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें वह कहते दिखाई दे रहे हैं, कि मैं आपको केवल यह बता सकता हूं कि हमारी जरूरतें और चिंताएं क्या हैं।



## फटाफट खबरें

### दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी, हादसा टला

**पटना, ईएमएस।** बिहार के बाढ़ रेलवे स्टेशन पर बुधवार को बड़ा रेल हादसा टल गया। एनटीपीसी से बाढ़ की ओर आ रही मालगाड़ी का कपलिंग हुक अचानक खुल गया, इससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। मालगाड़ी की कपलिंग हुक खुलने की वजह से हादसा हुआ। इससे करीब 1 घंटे तक प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर परिचालन रुका रहा। कपलिंग हुक खुलने के बाद इंजन के साथ कुछ बोगियां करीब 100 मीटर आगे चली गई, जबकि पीछे के डिब्बे वहीं रुक रहे। जैसे ही रेलवे अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल एक्शन लेकर मालगाड़ी के दोनों हिस्सों को जोड़ा।

### संबंधों के चलते पत्नी की मौत

**रायपुर, ईएमएस।** छत्तीगढ़ हाईकोर्ट ने एक अजीबो-गरीब फैसला दिया है। कोर्ट ने अप्राकृतिक संबंधों के चलते पत्नी की हुई मौत के मामले में पति को बरी करते हुए कहा कि अप्राकृतिक संबंध बनाना अपराध नहीं है। जबकि डॉक्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, पत्नी की मौत पेरिटोनिटिस और रेक्टल परफोरेशन से हुई थी। पेरिटोनिटिस पेट के अंदर की परत में सूजन होती है। रेक्टल परफोरेशन मलाशय में छेद होता है। यह दोनों गंभीर स्थितियां हैं। ये स्थितियां कई कारणों से हो सकती हैं, जिनमें संक्रमण, चोट या बीमारी शामिल हैं। इस मामले में, अदालत ने माना कि पत्नी की मौत अप्राकृतिक यौन संबंध के कारण हुई थी।

### नाना को नहीं पिता को दी बच्चे की कस्टडी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में कहा कि बच्चे का पिता उसका स्वाभाविक अभिभावक है और ग्रैंडपैरेंट्स यानी नाना-नानी का दावा पिता से ज्यादा नहीं हो सकता है। यूपी के एक मामले में बच्चे की मां के निधन के बाद से वह अपने नाना-नानी के साथ रह रहा था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिता को कस्टडी देने से इनकार करते हुए कहा था कि बच्चा नाना-नानी के साथ ज्यादा सहज महसूस करता है और पिता की दूसरी शादी हो चुकी है। पिता ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने दलील दी कि वे स्वाभाविक अभिभावक हैं, अच्छी नौकरी में हैं और उनके माता-पिता यानी दादा-दादी ने बच्चे के नाम संपत्ति और 10 लाख रुपए की एफडी कर रखी है।

### सोना मिलेगा.....देनी होगी नरबलि

**बेंगलुरु, ईएमएस।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां आर्थिक तंगी से जूझ रहा शख्स ज्योतिषी के चक्कर में पड़ गया। ताकि वह अमीर बन सके। इसके लिए ज्योतिषी ने युवक से नरबलि देने को कहा। फिर शख्स ने ज्योतिषी के सलाह पर नरबलि के लिए एक शख्स की तलाश की। इसके बाद सड़क से लिफ्ट देकर सूनसान जगह ले जाकर हत्या कर दी। शख्स ने नरबलि के लिए एक गरीब मोची को चुना ताकि वह पकड़ा न जाए लेकिन पुलिस ने आखिर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी शख्स ने खुलासा किया कि उसने ये सब एक ज्योतिषी के कहने पर किया।

## वायु प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों के लिए खतरनाक



**मुंबई, ईएमएस।** देश की उद्योगिक नगरी में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या को लेकर बॉलीवुड अभिनेता अली फजल ने चिंता जताई है। फजल ने इसे न केवल बच्चों बल्कि बुजुर्गों के लिए भी खतरनाक बताया है। उनका मानना है कि जब तक सरकार प्रदूषण पर सख्त कानून या नियम नहीं बनाती तब तक ये समस्या खत्म होने वाली नहीं है। फजल ने कहा कि हवा को शुद्ध किया जा सकता है।

अभिनेता फजल सोशल मीडिया पर मनोरंजक के साथ ही विचार से भरे पोस्ट भी शेयर करते रहते हैं। वायु प्रदूषण की समस्या पर उन्होंने चिंता जताते हुए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर अभिनेता-गायक वीर दास की एक पोस्ट को री-पोस्ट किया, जिसमें लिखा था-जब तक कुछ सख्त कदम नहीं उठाए जाते, हमें हर सरकार की विरासत में वह प्रदूषण ही मिलेगा, जिसमें वे हमें रहने देंगे और शायद यही वह समय होगा जब हमें एहसास होगा कि इसका लंबे समय से प्रभाव नई पीढ़ी के साथ बुजुर्गों पर भी पड़ता है। फजल ने कहा कि आज यह प्रदूषण भी भले ही ज्यादा खतरनाक न लग रहा हो लेकिन आज से दस साल बाद इसका असर खराब पड़ने वाला है। इसलिए इस पर सरकार को सख्त कानून बनाने की जरूरत है। सरकार को कुछ कठोर नीतिगत फैसले लेने की जरूरत है। बिना कहे ही यह स्पष्ट है कि ये फैसले भले ही हमें सुविधा नहीं दे पाएंगे और इस सख्ती से हमें दिक्कतें भी होंगी। हम शिकायत करेंगे और रोएंगे। हम तब भी रोए थे, जब हमें नए हवाई अड्डे और नए पुल मिले थे, लेकिन अंत में हम सबको समझ आएगा कि हमारे लिए ये कितना जरूरी था।



न्यूयार्क में एक बड़ा सा स्नोजन नस्ल का कुत्ता मोंटी डॉग शो में तस्वीर के लिए पोज देते हुए। (फोटो-ईएमएस)

### पाकिस्तान में आतंकियों पर कहर

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** पाकिस्तान में आतंकियों पर लगातार मौत का संकट मंडरा रहा है। यहां कभी उन्हे गोलियों से भून दिया जाता तो कभी अज्ञात वाहन उन्हे रौंदकर निकल जाता है। बीते रोज भी एक ऐसा ही हादसा हुआ है। जहां आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने गोलियां दागी थी वहीं अब अज्ञात वाहनों का कहर टूटा है। दो दिनों में लश्कर के दो बड़े आतंकी सरगना सड़क हादसे में मारे गए हैं। मारे गए आतंकी सरगनाओं के नाम फहदुल्लाह गुर्जर और तैमूर बताए गए हैं।

**माघ पूर्णिमा के स्नान से पहले भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को दी तिलांजलि**

## मृत आत्माओं को मोक्ष मिले लोग दे रहे जलांजलि

**देश में अनूठा कार्य आज से नहीं बल्कि अनादिकाल से चला आ रहा है। आज के दिन चतुर्दशी और पूर्णिमा का पावन पर्व शुरू हुआ है, इसी वजह से उन दिवंगत आत्माओं को जलांजलि और तिलांजलि दी गई, ताकि मृत आत्माओं को मोक्ष मिल सके। बता दें मौनी अमावस्या पर भगदड़ में कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।**



**प्रयागराज, ईएमएस**

माघ पूर्णिमा के स्नान से पहले मंगलवार को भारतवर्षीय धर्म संघ, स्वामी करपात्री फाउंडेशन, वैदिक कायाकल्प संस्थान द्वारा गंगा घाट पर मंत्रोच्चारण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौनी अमावस्या पर भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए तिलांजलि और जलांजलि दी।

संघ के महंत गुण प्रकाश चैतन्य ने कहा कि देश में अनूठा कार्य आज से नहीं बल्कि अनादिकाल से चला आ रहा है। आज के दिन चतुर्दशी और पूर्णिमा का पावन पर्व शुरू हुआ है, इसी वजह से उन दिवंगत आत्माओं को जलांजलि और तिलांजलि दी गई, ताकि मृत आत्माओं को मोक्ष मिल सके। हम यहां आने वाले लोगों से भी अपील करेंगे कि वह भी मृतकों को श्रद्धांजलि दें। बता दें मौनी अमावस्या पर भगदड़ में कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

### स्नानार्थियों की संख्या 50 से 55 करोड़ पहुंचने का अनुमान

बता दें कि मंगलवार सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। यहां बुधवार सुबह से दोपहर तक एक करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं और यह संख्या 2 करोड़ के करीब पहुंचने का अनुमान है। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो स्नान पर्व शेष हैं। उम्मीद की जा रही है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी को हुई थी। इसका समापन 26 फरवरी को होगा।

## महाकुंभ का जुनून: ट्रेन में चढ़ने की होड़ में 12 महिलाएं बेहोश

प्रयागराज के महाकुंभ मेले में करोड़ो श्रद्धालुगण पहुंच रहे हैं। जिसके कारण बस और ट्रेन में रेलमपेल भीड़ बढ़ गई है। हालात इतने खराब हैं कि लोग ट्रेन में चढ़ने की होड़ में बेहोश तक हो रहे हैं। ट्रेन में एंट्री नहीं मिलने पर यात्रियों का गुस्सा फूट रहा है। कहीं एसी बोगी के शीशे तोड़े जा रहे हैं तो कहीं भारी अफरातफरी देखने को मिल रही है। पटना जंक्शन से लेकर मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और गोपालगंज तक के स्टेशनों पर यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है। इस दौरान भीड़ में 12 महिलाएं अचेत हो गईं। सभी को लोगों की मदद से सुरक्षा बलों ने नीचे उतारा। अंदर से बंद बोगियों का गेट खुलवाने के लिए लोकल पुलिस के साथ एसएसबी को लगाया गया था। जीआरपी और आरपीएफ भी भीड़ नियंत्रण के लिए मोर्चा संभाल रखा था। महाकुम्भ स्नान के लिए नेपाल से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। कई लोग वाशिंग पिट में जाकर ट्रेन में बैठ जाते हैं। दरभंगा जंक्शन से प्रयागराज होकर जानेवाली सभी नियमित महत्वपूर्ण ट्रेनों का रूट मंगलवार को रेल मंत्रालय के निर्देश पर परिवर्तित कर दिया गया। इस कारण प्रयागराज जाने वाले यात्रियों में मायूसी छा गयी। इस संबंध में दरभंगा जंक्शन के अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि दरभंगा जंक्शन से प्रयागराज होकर जाने वाली पवन एक्सप्रेस व स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट को मंगलवार को कानपुर के रास्ते नई दिल्ली व मुंबई के लिए रवाना किया गया। बीते रोज स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में तोड़फोड़ के बाद रेल प्रशासन ने मंगलवार को जयनगर से कुम्भ स्पेशल ट्रेन चलाई। सुबह करीब दस बजे ट्रेन जयनगर से खुली। पूर्व से जानकारी नहीं होने के कारण ट्रेन में भीड़ नहीं थी लेकिन शाम में स्वतंत्रता सेनानी में भीड़ ठस हो गई। बेकाबू भीड़ ने सभी बोगियों पर कब्जा कर लिया।कुम्भ स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मंगलवार को जयनगर से लोकमान्य टर्मिनल जाने वाली पवन एक्सप्रेस का रूट बदल दिया गया। दरभंगा, मधुबनी व जयनगर से सवार यात्रियों को समस्तीपुर स्टेशन पर माइकिंग कर उतारा गया। रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गई कि पवन एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को प्रयाग राज होकर नहीं जाएगी। इस ट्रेन का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। सभी यात्रियों को जयनगर से चलने वाली विशेष ट्रेन से सात बजे समस्तीपुर स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया।

### गोपालगंज में यात्रियों का सैलाब

माघी पूर्णिमा पर कुंभ स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आलम यह है कि यात्री पंद्रह-पंद्रह घंटे तक ट्रेन में खड़े होकर व पायदान पर लटक कर यात्रा करने को विवश हैं। मंगलवार को भी ट्रेन की सीट से तीन गुना अधिक यात्रियों का सैलाब रेलवे स्टेशनों पर उमड़ पड़ा। कुंभ मेला रिंग स्पेशल ट्रेन पकड़ने के लिए सुबह दस बजते ही रेलखंड के गोपालगंज, सिधवलिया, दिघवादुबौली, रतनसराय, हथुआ व थावे जंक्शन पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ जा रही है।

**दुनिया के सबसे भ्रष्ट देशों की सूची जारी**

## भारत में बढ़ा भ्रष्टाचार का स्तर

**पाकिस्तान की रैंक 135वीं तो श्रीलंका 121वें स्थान पर**




**नई दिल्ली, ईएमएस।** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने 2024 का भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) जारी किया है, जिसमें दुनिया भर के 180 देशों और क्षेत्रों को भ्रष्टाचार के स्तर पर रैंक दी गई है। यह रिपोर्ट देशों को 0 से लेकर 100 अंक के बीच रैंक देती है। 0 अंक वाले देश सबसे भ्रष्ट माने जाते हैं, जबकि 100 अंक वाले देश को पूरी तरह पारदर्शी माना जाता है। 2024 में भारत की रैंकिंग 96वें स्थान पर थी, जो कि 2023 की तुलना में तीन स्थान नीचे है। भारत को इस साल 100 में से 38 अंक मिले हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 39 था। 2022 में भारत को 40 अंक मिले थे, जिसका मतलब है कि भारत में पिछले कुछ सालों में भ्रष्टाचार के स्तर में मामूली वृद्धि हुई है। 2024 की इस रैंकिंग में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है, इससे पता चलता है कि भ्रष्टाचार की समस्या देश में अभी भी गंभीर है।

भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति भी निराशाजनक है। पाकिस्तान की रैंक 135वीं है, जो कि बेहद खराब स्थिति है। श्रीलंका 121वें स्थान पर है, जो राजनीतिक और आर्थिक संकटों के कारण भ्रष्टाचार के उच्च स्तर को दर्शाता है। वहीं, बांग्लादेश भी निचे है, जो 149वीं रैंक पर है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि दक्षिण एशिया के देशों में भ्रष्टाचार की समस्या बहुत गंभीर बनी हुई है। चीन इस साल 76वां पर है, जो कि कुछ हद तक बेहतर है। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ कदम उठाए गए हैं, लेकिन फिर भी यह समस्या पूरी तरह से हल नहीं हो पाई है। 2024 के सीपीआई में यह देखा गया है कि भ्रष्टाचार की समस्या वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक दो तिहाई से ज्यादा देशों को 100 में से 50 से कम अंक मिले हैं, जिससे यह साफ होता है कि भ्रष्टाचार एक बड़ी वैश्विक चुनौती है। वैश्विक औसत भी 43 अंक पर स्थिर है, जो पिछले कई सालों से बना हुआ है। इस स्थिति का असर दुनिया के करोड़ों लोगों पर पड़ रहा है, क्योंकि भ्रष्टाचार मानव अधिकारों को कमजोर कर रहा है और विकास को प्रभावित कर रहा है।

रिपोर्ट में एक और अहम बिंदु पर ध्यान दिया गया है, और वह है वैश्विक हीटिंग। दुनिया भर में भ्रष्टाचार के कारण देशों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए जरूरी कदमों को अमल में नहीं लाया जा रहा है। यह स्थिति वैश्विक तापमान वृद्धि और पर्यावरणीय असंतुलन को बढ़ावा दे रही है, जो कि दुनिया के लिए बड़ा खतरा है। 2024 की रैंकिंग में डेनमार्क को सबसे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं यानी वह सबसे पारदर्शी देश है। इसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। ये देश भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त उपायों और पारदर्शिता के कारण शीर्ष स्थान पर रहे हैं। वहीं, सबसे खराब स्थिति वाले देशों में सोमालिया, दक्षिण सूडान और सीरिया शामिल हैं, जिनकी रैंकिंग सबसे नीचे है। भारत की रैंकिंग में गिरावट यह दर्शाती है कि देश में भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिए अभी और प्रयास करने की जरुरत है। सरकारी नीतियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कड़ी निगरानी करना जरुरी है ताकि लोगों का विश्वास बढ़े और भ्रष्टाचार की समस्या को समाप्त किया जा सके।

## माता सुंदरी महाविद्यालय के छात्रों का राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन में शैक्षणिक भ्रमण




**पाण्डुलिपियों के संरक्षण और अध्ययन पर मिली महत्वपूर्ण जानकारी**

**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली विश्वविद्यालय के माता सुंदरी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा छात्रों के लिए राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।

इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को प्राचीन पाण्डुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को समझाना था। साथ ही, इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य रहा। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन के निर्देशक डॉ. अनिर्वाण दास ने छात्रों को ब्राह्मी लिपि का ज्ञान सरल और रोचक तरीके से प्रदान किया। उन्होंने पाण्डुलिपियों को पढ़ने और उनके संरक्षण के महत्व को समझाते हुए कहा कि किसी नवीन पाण्डुलिपि को पढ़ना, प्राचीन ज्ञान परम्परा के एक नए अध्याय से परिचित होने के समान है। इसका संरक्षण हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने का माध्यम है। छात्रों ने इस भ्रमण के दौरान पाण्डुलिपियों के अध्ययन से जुड़ी गहरी जानकारी प्राप्त की और इसमें करियर की संभावनाओं को लेकर रुचि भी दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन द्वारा निःशुल्क इंटर्नशिप कराई जाती है।

## भारत बनेगा सेमीकंडक्टर हब

**अमेरिकी कंपनी 10 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश**



**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। अमेरिकी चिप-मेकिंग टूल्स निर्माता लैम रिसर्च देश में 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह निवेश कर्नाटक में किया जाएगा। राज्य की निवेश एजेंसी इन्वेस्ट कर्नाटक ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घोषणा की पुष्टि की और बताया कि कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे सेमीकंडक्टर सफर में एक और मील का पत्थर। लैम रिसर्च ने भारत में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के बड़े निवेश की घोषणा की है। लैम रिसर्च सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए जरूरी उपकरण विकसित करने वाली प्रमुख कंपनी है। इसके उत्पाद मुख्य रूप से वैफर प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर डिवाइसेस की वायरिंग में इस्तेमाल किए जाते हैं। इन्वेस्ट कर्नाटक' के एक्स हैंडल से भी इस निवेश को लेकर जानकारी साझा की गई। एक पोस्ट में कहा गया कि इन्वेस्ट कर्नाटक 2025-ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में, लैम रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेशा वरदराजन ने कर्नाटक में बड़े निवेश की घोषणा की। हमने केआईएडीबी के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत अगले कुछ सालों में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा। यह राज्य में नवाचार और विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भारत में सेमीकंडक्टर कंपनियों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया था।

## शिक्षित पत्नी मेंटेनेंस के लिए घर में बैठी नहीं रह सकती: हाईकोर्ट

**भुवनेश्वर, ईएमएस।** ओडिशा हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में कहा कि अगर पत्नी शिक्षित हो, उसके पास नौकरी का अनुभव हो तो वह अपने पति से भरण-पोषण का दावा करने के लिए घर में बैठी नहीं रह सकती है। उसे काम करना चाहिए। इसके अलावा अदालत ने मेंटेनेंस की राशि को 8000 रुपये से घटाकर 5000 रुपये प्रति माह कर दिया। न्यायमूर्ति गौरिशंकर सतपती ने कहा, कानून उन पत्नियों को नहीं सराहता है जो केवल इसलिए निष्क्रिय रहती हैं ताकि पति पर भरण-पोषण का बोझ डाल सकें। वह अगर अच्छे और उच्च योग्यताएं रहते हुए काम करने का प्रयास नहीं करती है तो यह ठीक नहीं है। फैसला सुनाते हुए उन्होंने आगे कहा, सीआरपीसी की धारा 125 के तहत विधायिका का उद्देश्य उन पत्नियों को राहत प्रदान करना है जो अपनी देखभाल करने में असमर्थ हैं और जिनके पास अपनी जीविका के लिए पर्याप्त आय नहीं है। इस बीच ओडिशा सरकार ने युवा जोड़ों में तलाक के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य में विवाह-पूर्व परामर्श केंद्र खोलने का मंगलवार को फैसला किया।

## पाकिस्तान पहुंच रहे तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन

**भारत इस यात्रा पर रखेगा पैनी नजर**



**इस्लामाबाद, ईएमएस।** तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन पाकिस्तान की यात्रा पर आ रहे हैं। मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा के बाद उनका अगला पड़ाव इस्लामाबाद होगा। यह यात्रा तब हो रही है जब दोनों देशों के बीच रक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग मजबूत हुआ है। तुर्की और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग लगातार बढ़ रहा है। हाल ही में पाकिस्तान ने तुर्की से नौसैनिक जहाज खरीदने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसी वर्ष जनवरी में, दोनों देशों ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया, जो उनकी बढ़ती रक्षा साझेदारी का प्रतीक है। तुर्की ने पाकिस्तान को टी129 एटीएके हेलीकॉप्टर, क्लास के कोरवेट और अन्य सैन्य उपकरण प्रदान किए हैं। वहीं तुर्की और पाकिस्तान दोनों ही आतंकवाद से प्रभावित हैं। पाकिस्तान जहां बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवाद से परेशान है, वहीं तुर्की कुर्द अलगाववादियों से जूझ रहा है। दोनों देशों ने आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने के लिए हाल ही में एक परामर्श बैठक आयोजित की। भारत इस बात पर नजर रखेगा कि यह सहयोग आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने के लिए है या भारत विरोधी गतिविधियों के लिए एक नया मंच तैयार हो रहा है। तुर्की ब्रिक्स संगठन का सदस्य बनने की महत्वाकांक्षा रखता है, लेकिन इसके लिए भारत की स्वीकृति जरुरी है। इस कारण एर्दोगन ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में कश्मीर का जिक्र नहीं किया।

## बांग्लादेश में फूड ऑयल की कमी, लोगों की बढ़ी परेशानी

**कीमतें छू रहीं आसमान, यूनुस सरकार ने कहा-जल्द निकालेंगे समाधान**

**ढाका, ईएमएस**

बांग्लादेश में इस्लाम के सबसे पवित्र माह रमजान से पहले ही कई जरूरी चीजों की किल्लत हो गई है। लोगों को फूड ऑयल की कमी का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। खाने के तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का कहना है कि यह परेशानी अस्थायी है। इसका समाधान जल्द कर लिया जाएगा।

बांग्लादेश में जब से मोहम्मद यूनुस ने कार्यवाहक पीएम के रूप में पद संभाला है, स्थिति और गंभीर हो गई है। पिछले साल बांग्लादेश में संकट के बाद शेख हसीना ने पीएम पद छोड़कर भारत आ गई थीं। शेख हसीना के बाद मोहम्मद यूनुस कार्यवाहक पीएम बन गए थे, लेकिन अब स्थिति उनसे संभल नहीं रही है। बांग्लादेश की ऑयल इंडस्ट्री का कहना है कि आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच खाद्य तेल की कीमतें बढ़ी हैं। रिटेलर्स और रिफाइनर्स का कहना है कि डिस्ट्रीब्यूटर तेल की जमाखोरी कर रहे हैं और उसकी आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।



वहीं दूसरी ओर जानकारों का कहना है कि बांग्लादेश की सीमा पार फूड ऑयल की तस्करी की जा रही है। वह इसलिए क्योंकि पड़ोसी देशों में इसकी कीमत ज्यादा मिल रही है। बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। यहां बिना ब्रांड वाला सोयाबीन तेल 170 से 175 टका बिक रहा है। वहीं ब्रांड वाले तेल की कीमत 175 से 178 टका प्रति लीटर है। बांग्लादेश का एक टका भारत के 72 पैसे के बराबर है। बांग्लादेश ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (टीसीबी) के मुताबिक पिछले हाल ही में खुले सोयाबीन तेल की कीमतों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के साथ यह 180 टका प्रति लीटर से बढ़कर 182 टका प्रति लीटर हो गई है।

घरेलू आपूर्ति पूरी करने के लिए बांग्लादेश सरकार ने चावल भूसी के तेल के निर्यात पर 25 फीसदी नियामक शुल्क लगाया है। इसके बाद भी स्थिति कंट्रोल में नहीं आ रही है। इंडस्ट्री के मुताबिक सरकार के हस्तक्षेप के बावजूद चावल भूसी के तेल पर शुल्क से व्यापक संकट में कोई खास अंतर नहीं आएगा। चिंता सोयाबीन और पाम तेल को लेकर है। बांग्लादेश में सालाना खाद्य तेल की मांग 2.3 से 2.4 मिलियन टन है। यह रमजान के महीने में बढ़कर 3 मिलियन टन हो जाती है। रिफाइनरी कंपनियों के मुताबिक फूड ऑयल की आपूर्ति में पिछले कुछ महीनों की तुलना में तेजी आई है।

### सीएम ने किया सोलो साइकिलिस्ट आशा मालवीय का सम्मान

**भोपाल (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मंत्रालय में साहस और संकल्प की मिसाल पेश कर रही मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध सोलो साइकिलिस्ट सुश्री आशा मालवीय ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा के साहसिक सफर की सराहना करते हुए उन्हें एक लाख रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की। इस मौके पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी उपस्थित रहे।



### निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाये अतिक्रमण

**भोपाल (ईएमएस)।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनें चबूतरे, फर्शी, चेम्बर, ठेले, गुमठी, चार पहिया वाहन, काउंटर आदि सहित लगभग 03 ट्रक सामान जप्त किया।



## फटाफट खबरें

### विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**भोपाल (ईएमएस)।** कमला नगर थाना इलाके में स्थित राहुल नगर बस्ती में रहने वाली विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पति काम के बाद जब शाम को घर आया तो उसे पत्नि बेसुध हालत में पड़ी मिली। पति उसे इलाज के लिये जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार पूजा रजक पति अरुण रजक (35) घरेलू महिला थी। पति अरुण ने पुलिस को बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है, उसका एक बच्चा भी है। बीती सुबह वह अपने काम पर चला गया था। पूजा घर बच्चे के साथ थी। शाम करीब 6 बजे जब वह घर लौटा तो उसे पूजा बेसुध पड़ी नजर आई। वह पूजा को लेकर जेपी अस्पताल पहुंचा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से सूचना मिलने पर पहुंची अरेरा हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कमला नगर पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने मर्ग

### निगम अमले ने 40 पशुओं को कांजी हाउस भेजा

**भोपाल (ईएमएस)।** नगर निगम द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने बुधवार को सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त षिकायतों पर कार्यवाही के अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 40 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा तथा 03 बीमार/घायल पषुओं को आसरा भेजा। निगम की हांका पार्टी द्वारा 15 पषुओं को सड़कों से हांका गया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देष पर शहर के पिपलानी, आनंद नगर, प्रभात चैराहा, रक्षागिरी, अयोध्या नगर, कोलार रोड, कोलार डीमार्ट, चूनाभट्टी, शाहपुरा आदि क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 40 पषुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा तथा 03 बीमार/घायल पषुओं को आसरा भेजा।

### ट्रेन में महिला का पर्स हुआ चोरी

**भोपाल(ईएमएस)।** नर्मदा एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर रही एक महिला का कीमती पर्स चोरी हो गया। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी हरिनंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में जीआरपी को बताया की वह अपनी प ी राखी सिंह के साथ नर्मदा एक्सप्रेस के एसी कोच में जबलपुर से रानी कमलापति का सफर कर रहे थे। राखी ने अपना पर्स केबिन में बनी टेबिल पर रख दिया था, सफर के दौरान उनकी नींद लग गई। मंडीदीप स्टेशन के पास नींद खुलने पर देखा तो उनका पर्स गायब था। तलाश करने पर पर्स बाथरूम के पास पड़ा मिल उगया लेकिन उसमें रखा मोबाइल, 7 हजार की नगदी समेत अन्य सामान गायब था। मामला दर्ज कर पुलिस ने जॉच शुरु कर दी है।

### रेलवे पटरी पर मिली युवक की लाश

**भोपाल (ईएमएस)।** बागसेवनिया थाना पुलिस रिलायंस मॉल में काम करने वाले एक युवक की लाश रेलवे पटरी से बरामद की है। पुलिस को आंशका है की उसकी मौत ट्रेन से टकराने के कारण हुई है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। थाना पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर नारायण नगर रेल्वे ट्रैक से 10 फरवरी की शाम को युवक का शव बरामद किया गया था। तलाशी लेने पर पुलिस को एक पर्स मिला। उसमें रखे एक आधार की मदद से शव की पहचान मुकेश अहिरवार पिता फागू सिंह अहिरवार (30) के रूप में हुई। मुकेश मूलतः बरेली के ग्राम अमरावद खुर्द का रहने वाला था। फिलहाल कोलार रोड थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर में किराए से अकेले रहते हुए रिलायंस कंपनी में नौकरी करता था। पुलिस ने बताया कि उसका चचेरा भाई अवध अहिरवार भी ललिता नगर में ही रहता है।

### रकम नहीं देने पर बदमाशों ने किया चाकू से हमला, पुलिस आरोपियों की कर रही तलाश

# बदमाशों ने ऑटो से किया युवक का अपहरण महिला ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी

**भोपाल(ईएमएस)।**



गौतम नगर इलाके में बीती 8 फरवरी को ऑटो में सवार तीन बदमाशों ने युवक का अपहरण कर लिया। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया और बाद में एक महिला के पास लेकर पहुंचे। महिला ने उसे झूठे केस फंसाने की धमकी देकर 4 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया, इसके बाद बदमाश उसे गाल्ला मंडी रोड पेट्रोल टैंक के पास छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, हर्षित दुबे पिता अतुल दुबे (29), स्टेशन बजरिया में रहता है। उसने पुलिस को बताया की 8 फरवरी की रात अपने दोस्त के साथ छोला कलारी पर गया था।

उसके बाद वे पेट्रोल पंप के पास खड़े होकर बात करने लगे। उसी दौरान रात करीब 10 बजे एक ऑटो में सवार तीन युवक वहां पहुंचे और हर्षित को बुलाया। हर्षित बात करने ऑटो की पिछली सीट पर बैठे दो युवकों के बीच जाकर बैठ गया। उसके बाद ऑटो चालक उसे जर्बदस्ती अग्रवाल धर्मशाला, न्यू कबाडख़ाना, सिंधी कालोनी चौराहा होते हुए पुतलीघर बस स्टैंड के पास ले गए। वहां तीनों ने हर्षित से रकम देने को कहा। हर्षित के रकम न होने की बात कहने पर ऑटो चालक तीनों युवक उसे काजीकैंप की एक एक गली में ले गए। वहां उनकी एक परिचित महिला मिली। महिला ने हर्षित से कहा कि यदि ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर नहीं करोगे तो झूठे केस में फंसा दूंगी। डर से हर्षित ने चार हजार रुपए बताए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए।

इससे पहले जब हर्षित ने रुपए देने से इनकार किया तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था। उसकी दोनों जांघों पर चोट आई है। आरोपी उसे ऑटो में कई घंटे यहां-वहां घुमाते रहे। रात करीब दो बजे मंडी गेट के नजदीक पेट्रोल पंप के पास छोडक़र फरार हो गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर महिला सहित तीनों बदमाशों की तलाश कर रही है।

### खाना खाकर सोये युवक की नीदं में ही को गई मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** कटारा हिल्स थाना इलाके के संत आशाराम नगर में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बताया गया है कि रात को नौकरी से वापस आने के बाद उसने दाल चावल खाये और सो गया था। अगली सुबह वह सोकर नहीं उठा परिवार वाले उसे एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे वहॉ डॉक्टरो ने बताया की उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संत आशाराम नगर फेस श्री, कटारा हिल्स में रहने वाले रवि आर्य आटो चलाते हैं। उनके परिवार में बड़ी बेटी और छोटा इकलौता बेटा अतुल आर्य (27) था। अतुल निजी फायनेंस कंपनी में नौकरी करता था।

## बस की टक्कर से घायल हुए युवक की मौत

**भोपाल(ईएमएस)।** बैरसिया इलाके सड़क पार करते समय अधेड़ व्यक्ति को बस ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल को



इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरिचरण कुशवाह पुत्र ऊधम सिंह कुशवाह ( 50 ) बसई, बैरासया में रहते थे, और निजी काम करते थे। 27 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे वह बैरसिया स्थित चांदनी चौक के पास सड़क पार कर रहे थे। उसी समय बैरसिया से शमशाबाद चौराहे की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी थी। हादसे में हरिचरण के सिर और शरीर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उन्हें पहले बैरसिया स्थित जरनल अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने के कारण भोपाल रैफर किया गया था। घरवालों ने उन्हें भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां करीब दो सप्ताह तक चले इलाज के बाद हरिचरण ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हरिचरण के भतीजे सुनील की शिकायत पर टक्कर मारने वाले बस चालक के खिलाफ प्ररकण दर्ज किया था। घायल की मौत के बाद प्रकरण में धाराएं बड़ाई जा रही हैं।

## अवैध सट्टे की गतिविधि में संलिप्त आरोपी को किया गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।**

शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त भोपाल हरि नारायणा चारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल पंकज श्रीवास्तव द्वारा आरोपियों की धरपकड़ पर कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है ।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल एवं अति पुलिस उपायुक्त अपराध शैलेन्द्र सिंह चौहान, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध मुख्तार कुरैशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना क्राइम ब्रांच अशोक मरावी व उनकी टीम को शहर में अवैध सट्टोरियों की तस्करो की तलाश पतारसी में लगाया था ।

अपराध का विवरणः- क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जे.पी नगर तिराहे पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक लडका जिसकी उम्र लगभग 30-35 वर्ष की है । जो गोल गले की नीली टी-सर्ट तथा नीली जिंस पहने है दाहिने कान मे बाली पहने है तथा चेहरे पर दाढी रखे है जो अपने मोबाईल फोन पर सट्टा लिख कर सट्टा ले रहा है । जिसे समय पर पकडा गया तो बडी मात्रा मे सट्टा मिल सकता है । जो वर्तमान में सब्जी मंडी गेट के सामने ग्राउंड के पास खडा है । मुखबीर की सुचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर हमराह स्टाफ के साथ रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुचे जहा मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का लडका खडा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकडा नाम पता पूछा तो अपना नाम भूपेन्द्र दांगी पिता हमीर सिंह दांगी उम्र -32 साल निवासी -म.न. 76 दांगी कालोनी ब्यंजन ढाबा के सामने थाना निशातपुरा भोपाल का बताया जिसकी तलाशी ली गई तो पैंट में दाहिने तरफ रियलमी कंपनी का मोबाईल टच स्क्रीन एन्ड्राइड मोबाईल मिला ।

जिसको चेक करने पर व्हाट्सएप पर सट्टा अंक लिखी मिले व 3300 रूपये नगदी मिले आरोपी से सट्टा के संबंध में पूछताछ की गई तो व्हाट्सएप पर सट्टा पर्ची लिखना स्वीकार किया आरोपी का कृत्य धारा 4 क जुआ एक्ट का पाया जाने से प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

## किडनैप करने वाला तीसरा बदमाश रेल्वे स्टेशन से पकड़ाया

**भोपाल (ईएमएस)।**

कोतवाली पुलिस ने किडनेप के मामले में फरार आरोपी शाहिद को भोपाल रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म से उस समय दबोचा है, जब वह शहर से बाहर भागने की फिराक में था। टीआई काशीराम कुशवाहा ने बताया की बीते साल 13 अगस्त 2024 को फरियादी दानिश खॉन ने रिर्पोट दर्ज कराते हुए बताया था की उसे एक्टिवा सवार तीन बदमाश चाकू अड़ाकर डिजायर कार मे जर्बरदस्ती अगवा कर ले गये थे। उस कार में पहले से दो और युवक बैठे थे।

कार मे बैठाने के बाद बदमाशो ने उसकी ऑख पर कपडा बांध दिया था। पुलिस ने शप्पू पिस्टल, शाहिद,अयान सहित दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले में आरोपी शप्पू पिस्ट, शाहरूख, अयान को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपी शाहिद खांन पिता जाहिद खांन (28) मूल निवासी, ग्राम राहतगढ जिला साग, हाल पतामुरली नगर निशातपुरा घटना के बाद ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

बीते दिन टीम को मुखबिर से सूचना मिली की इनामी आरोपी शाहिद प्लेट फार्म नबर 6 पर खडा है, जो शहर से बाहर भागने की फिराक में है।

खबर मिलते ही टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने बाताया की आरोपी शाहिद आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ शहर के कई थानो में संगीन धाराओ के 20 मामले दर्ज है।

## क्राइम ब्रांच ने जिला बदर अपराधी मुकेश आर्य को किया गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।**

शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल पंकज श्रीवास्तव द्वारा जिला बदर के आरोपियों पर कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है

अपराध का विवरण भोपाल पुलिस आयुक्त के निर्देशन में जिला बदर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में सक्रिय सभी जिला बदर अपराधियों की निगरानी की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं । आरोपी मुकेश आर्य पिता बाल किशन उम्र 39



साल निवासी मकान नंबर 286 प्रदर्शनी नगर नर्मदा भवन के पास टी.टी. नगर भोपाल को जिला बदर की कार्रवाई के तहत भोपाल जिले की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए थे, बावजूद इसके वह लगातार अपने निवास स्थान पर मौजूद था और अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना प्राप्त हो रही थी । अभियान के तहत क्राइम ब्रांच भोपाल नें आरोपी को पकड़ने की रणनीति बनाई गई, जिसके तहत पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया ।

## टी. टी. नगर पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित होगी प्रतिमाएं

### कस्तूरबा नगर अभिरुचि जैन मंदिर में जिन प्रतिमाओं का आगमन, श्रद्धालुओं में उत्साह

**भोपाल (ईएमएस)।**

टी टी नगर जिनालय में पाषाण से भगवान बनने का अनुष्ठान मुनि प्रमाण सागर महाराज के सानिध्य में 15 से 20 फरवरी तक होना है। महोत्सव में श्री सुपार्श्वनाथ जिनालय कस्तूरबा नगर एवं श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सर्वतोभद्र चौबीसी जिनालय अभिरुचि परिसर में भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाएं भी प्रतिष्ठित होंगी। प्रतिमाओं का आगमन हो गया है। प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया कि पाषाण की दो और अष्ट धातु की चार जिन प्रतिमाएं प्रतिष्ठित होंगी। आत्मा से परमात्मा बनने के अनुष्ठान से पूर्व लोगो में अभूतपूर्व उत्साह है। आयोजन के पूर्व समाज के लोग घर-घर में प्रतिमाओं की भक्ति कर मंगल गीतों के साथ आराधना में लीन है। प्रतिमाओं पर तीर्थंकर प्रभु के चिन्ह अंकित कर प्रशस्ति भी लिखी जा रही है। इस अवसर पर केवल चंद्र जैन, शील चंद्र जैन, अंकेश जैन, पी सी जैन, देव कुमार गुड़ा, आशीष जैन, डॉ. राजेंद्र जैन, मनीष जैन, विजय कांडया, देवेंद्र जैन, संदीप जैन, सशक्त महिला मंडल की सदस्य मौजूद थीं। वही दूसरी ओर



अभिरुचि परिसर जिनालय की 28 जिन प्रतिमाएं प्रतिष्ठित होंगी, समाज के लोग जिन प्रतिमाओ के भक्ति और भक्तामर और नमोकार का वाचन कर रहे है। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास जैन, वीरेंद्र इंजिनियर, वीरेंद्र अजमेर, पंकज मालवीका, नरेंद्र जैन, प्रमोद जैन इंजीनियर, अनिल जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, राग से वितरागता के पूर्व प्रतिमाओं के विशेष श्रृंगार के साथ भक्ति हो रही है। मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया कि महोत्सव में प्रतिष्ठित प्रतिमाओं को विशेष अनुष्ठान के साथ जिनालय में विराजमान किया जाएगा।

## विशेष अभियान के तहत पुलिस ने रणनीति बनाकर की गिरफ्तारी

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त भोपाल हरि नारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल पंकज श्रीवास्तव द्वारा जिला बदर के आरोपियों पर कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है अपराध का विवरण भोपाल पुलिस आयुक्त के निर्देशन में जिला बदर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में सक्रिय सभी जिला बदर अपराधियों की निगरानी की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं । आरोपी मुकेश आर्य पिता बाल किशन उम्र 39 साल निवासी मकान नंबर 286 प्रदर्शनी नगर नर्मदा भवन के पास



टी.टी. नगर भोपाल को जिला बदर की कार्रवाई के तहत भोपाल जिले की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए थे, बावजूद इसके वह लगातार अपने निवास स्थान पर मौजूद था और अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना प्राप्त हो रही थी । अभियान के तहत क्राइम ब्रांच भोपाल नें आरोपी को पकड़ने की रणनीति बनाई गई, जिसके तहत पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया । आरोपी की गिरफ्तार कर संबंधित थाना को सुपुर्द किया गया ।

## वाहन में तस्कर को आया हार्ट अटैक, रास्ते में ही मौत

**मृत तस्कर को तलाश कर रही थी एमपी पुलिस**

**भोपाल(ईएमएस)।**

गुजरात नारकोटिक ब्यूरो द्वारा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पकड़ी गई एमडी ड्रग फैक्ट्री के मामले से जुड़े फरार तस्कर रबनवाज की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। बताया गया है कि रबनवाज पुलिस की गिरफ्त से बचता हुआ इधर-उधर भागकर फरारी काट रहा था। राजस्थान - मध्य प्रदेश बॉर्डर पर कार चलाने के दौरान उसे हार्ट अटैक आया और उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि रबनवाज भोपाल में पकड़े गए 1800 करोड़ के ड्रग्स के मामले में वांटेड था। मल्हारगढ़ थाने के एनडीपीएस केस में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रबनवाज राजस्थान की तरफ कार से जा रहा था, इसी दौरान गाड़ी में अटैक आने से उसकी जान चली गई। हालांकि इस मामले में आरोपी शोएब लाला, ओम पाटीदार और रबनवाज को मंदसौर पुलिस लगातार तलाश कर रही थी।

रबनवाज की मौत के बाद फिलहाल शोएब और ओम पाटीदार फरार हैं। उल्लेखनीय है की गुजरात नारकोटिक ब्यूरो ने भोपाल में रैकी कर बड़ी ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। कोटरा सुल्तानाबाद रोड, हुजूर निवासी अमित प्रकाशचंद्र चतुर्वेदी ( 57 वर्ष) और नासिक महाराष्ट्र निवासी सान्याल बाने को गिरफ्तार किया गया था। ड्रग फैक्ट्री भोपाल के कटारा हिल्स थाना इलाके में बगरोदा गांव के इंडस्ट्रियल एरिया में चलाई जा रही थी। जांच में मंदसौर के कई लोगों के नाम सामने आये था। उनमें एक नाम आरोपी रबनवाज का भी था। जॉच में सामने आया की रबनवाज लंबे समय से तस्करी का काम कर रहा था।

## गंभीर बीमारी के चलते डिप्रैशन में आये युवक ने की खुदकुशी

**भोपाल(ईएमएस)।**

गुनगा थाना इलाके में गंभीर बीमारी से डिप्रेशन में आकर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के



मुताबिक ग्राम दिल्लोद में रहने वाला 35 वर्षीय विमल सहरिया खेती-किसानी करता था।

कुछ महीनों पहले उसे गंभीर बीमारी हो गई थी। हालांकि परिवार वाले उसका इलाज करा रहे थे, लेकिन काफी उपचार के बाद भी उसे अधिक आराम नहीं मिल रहा था। बीमारी ठीक न होने के चलते वह तनाव में रहने लगा था। बीते दिन परिवार के सभी लोग घर पर ही थे। उसी दौरान विमल अपने कमरे में चला गया। बाद में जब परिवार वालो ने उसे खाने के लिये बुलाने उसके कमरे में गये तो कमरे में विमल फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच के बाद शव को पीएम के लिये भेज दिया। पीएम के बाद शव परिजनो को सौंपते हुए पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है, की बीमारी के करण तनाव में आकर ही उसने यह आत्मघातकी कदम उठाया होगा।

### औकाफ़- ए-शाही के दस्तावेजों का पहली बार हो रहा डिजिटलाइजेशन

# औकाफ ए शाही मदीना, मुनव्वरा में हाजियों की सहूलियत के लिये कर रही हर संभव प्रयास

भोपाल(ईएमएस)। औकाफ-ए-शाही, भोपाल, बीते सालो से भोपाल से जाने वाले हाजियो को हज के दौरान मक्का मुअज्जमा और मदीना मुनव्वरा में निःशुल्क आवास की सुविधा प्रदान कर रही है। यह बात वरिष्ठ सदस्य, एडवाइजरी कम एग्जीक्यूटिव कमिटी, औक़ाफ़-ए-शाही, भोपाल सिकंदर हफीज खान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से व्यक्त किये गए है। इसमें सिकंदर हफीज ने बताया की मदीना मुनव्वरा में चल रहे अदालती मामले की वकील द्वारा की गई कानूनी समीक्षा के अनुसार, सबा मुल्तान ने सऊदी अरब की अदालत में, मादीना मुनव्वरा में औकाफ भोपाल के लिए वक्फनामा के अनुसार नाजिर की नियुक्ति अथवा स्वयं को नाजिर बहाल करने का अनुरोध किया था। इस मुकदमे की कार्यवाही के दौरान, भोपाल और दूसरी जगहों के 20 से अधिक व्यक्तियों ने अपने वकील के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराते हुए स्वयं को औकाफ भोपाल, मदीना मुनव्वरा का वैध और उचित




उत्तराधिकारी बताया तथा नाजिर की नियुक्ति का दावा किया। इससे अदालत में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई और सऊदी अरब की न्यायालय ने रुबातो का प्रबंधन और पर्यवेक्षण अस्थायी रूप से हया-तुल-औकाफ को सौंप दिया, जब तक कि मुस्तवल्लिशिप की पुष्टि करने वाले कानूनी दस्तावेज अदालत में प्रस्तुत नहीं किए जाते। उन्होंने आगे कहा कि औकाफ ए शाही की मुतवल्ली सबा सुल्तान के नेतृत्व में औकाफ़-ए-शाही की वर्तमान समिति ने कार्यभार ग्रहण करने के दिन से ही मदीना मुनव्वरा में हाजियों के ठहरने की सुविधा को पुर्नस्थापित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिये कई महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किए गए, इनका बेरिफिकेशन करवाया और और समिति इन दस्तावेजों को उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से हया तुल औकाफ के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है, ताकि वक्फ के वसीयतकर्ता की इच्छा के अनुसार भोपाल के हज यात्रियों के लिए आवास की सुविधा बहाल की जा सके। और मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने भी इसके अंतर्गत जेद्दाह मैं स्थित इंडियन कांसुलेट, विदेश मंत्रालय एवं सीएम को पत्र लिखे हैं, और सरकारी माध्यम से हाजियों के लिए इस सुविधा की पुर्नस्थापना में सहायता कर रहे हैं। सिकंदर हाफिज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह भी बताया की मुतवल्ली सबा सुल्तान के नेतृत्व में औकाफ-ए-शाही की वर्तमान समिति ने स्थानीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण सुधार कार्य किए हैं।

### तीन माह से था मानसिक तनाव में

## किसान ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर के देहात इलाके के ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में एक किसान ने पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस की शुरुआती जॉच में सामने आया है की मृतक पारिवारिक कारणो को लेकर बीते करीब तीन महीने से मानसिक रुप से परेशान चल रहे थे, उनकी दिमागी हालत ठीक न होने पर परिजन उनका इलाज भी करा रहे थे। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम रायपुर, ईंटखेड़ी में रहने वाले तखत सिंह जाट (36) खेती किसानी करते थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। परिवालो ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक कारणों के चलते बीते कुछ महीनो से वह काफी मानसिक तनाव में रह रहे थे। उनकी दिमागी हालत ठीक न होने पर उनका डॉक्टर आरएन साहू से इलाज भी चल रहा था। मंगलवार को भी उनका साला और भतीजा चेकअप के लिये उन्हें डॉक्टर के पास ले



जाने वाले थे। तखत सिंह ने भी चेकअप के लिये जाने को लेकर तैयार होने की बात कही। तैयार होकर वह घर से बाहर निकले, लेकिन वापस नहीं आए। परिवार वालो को लगा की वह किसी छोटे-मोटे काम के चलते खेत पर गए होंगे। काफी समय बीतने पर भी जब वह वापस नहीं लौटे, तब साला और भतीजा उन्हें देखने के लिये खेत पर गए। वहां पहुंचने पर उन्हें खेत में लगे पेड़ पर तखत सिंह का शव गमछे से बने फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को उतरवाते हुए पीएम के लिये भेजा।

### दिल्ली पुलिस अपनी गलती छिपा रही मुझे फंसा रही

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली पुलिस आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश डाल रही है, लेकिन अभी वो गिरफ्त से बाहर है। इस बीच आप विधायक अमानतुल्लाह ने पुलिस कमिश्नर को चिट्ठी लिखकर कहा है कि दिल्ली पुलिस अपनी नाकामी छिपा रही है और मुझे फंसा रही है। वो दिल्ली में ही हैं।



### प्रयागराज में पूर्णिमा पर मौसम साफ दिल्ली-बिहार में लुढ़का पारा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली, यूपी में अगले 24 से 48 घंटे के भीतर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बारिश और बर्फबारी की संभावना भी जताई गई है। देशभर के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। कभी तापमान में गिरावट होने लगती है, जिससे हल्की ठंड का एहसास हो रहा होता है।



## संपादकीय

# ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमेरिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटेक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है। अमेरिका से कारोबार करने वाले अन्य देशों के राजनेताओं और कारोबारियों के ऊपर रिश्वतखोरी के आरोप बड़े पैमाने पर लगेंगे, जिसके कारण दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण बढ़ेगा। अमेरिका को इतना बड़ा नुकसान इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो अब हो सकता है। एक बार अमेरिका की छवि रिश्वत देकर कारोबार करने की बन गई, तो दुनिया के सभी देश अमेरिका के साथ दूरियां बनाना शुरू कर देंगे। अमेरिका अभी दुनिया का बादशाह बना हुआ है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की बादशाहत खतरे में पड़ जाएगी। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जल्द ही इसके परिणाम अमेरिका को भोगना पड़ सकता है। जिस तरह से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत हुई है। उसके बाद कहा जाने लगा है, जिस तरह से सोवियत रूस, रेत के महल की तरह भरभरा कर गिरा था। उसी स्थिति में अब अमेरिका ने सफर शुरु कर दिया है।

**- सनत जैन**

## राज काज

### भाजपा को पहली बार दो तिहाई बहुमत

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार भाजपा को दो तिहाई बहुमत मिला है। इसके पहले दिल्ली में कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार को दो तिहाई बहुमत मिला था। एक बार भर दिल्ली की सरकार में भाजपा का बहुमत था। 27 साल से भाजपा सत्ता में आने की लड़ाई लड़ रही थी। 27 साल बाद यह लड़ाई जीती, एका-एक दो तिहाई बहुमत मिल गया। भाजपा भी हैरान है, लोग अब कहने लगे हैं। भगवान जब भी देता है, छप्पर फाड़ कर देता है। 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए थे। 2015 में दिल्ली विधानसभा के चुनाव हुए थे। तब मात्र तीन सीटें दिल्ली में भाजपा को मिली थी। 2020 के चुनाव में मात्र 7 सीट मिली, जब केंद्र में भाजपा का बहुमत नहीं है। तब दिल्ली में दो तिहाई बहुमत मिल गया। इसे कहते हैं, भगवान की कृपा। विपक्षी दल इसे चुनाव आयोग की कृपा बताते हैं।

### ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट सख्त...?

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट डेटा को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के दौरान न तो डेटा डिलीट किया जाए और न ही इसे दोबारा लोड किया जाए। दरअसल असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अदालत में दावा किया था कि चुनाव आयोग, ईवीएम को लेकर अप्रैल 2024 में दिए गए शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों का सही से पालन नहीं कर रहा है। एडीआर ने दावा किया है, कि आयोग का मौजूदा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर कोर्ट के आदेशों के अनुरूप नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब तलब किया है और वेरिफिकेशन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने को कहा है। बहरहाल मीडिया तो इसे सुप्रीम कोर्ट की चुनाव आयोग के प्रति सख्त रुख बता रहा, लेकिन सच क्या है यह वक्त ही बताएगा।

### मुद्दा संविधान का फिर भिड़ना कैसा

राज्यसभा में संविधान की प्रति से जुड़े एक मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस छिड़ गई। बीजेपी सांसद आरएमडी अग्रवाल ने कहा कि बाजार में उपलब्ध संविधान की प्रतियों में रामायण, महाभारत और भारतीय इतिहास से जुड़े चित्र नहीं हैं, जबकि ये मूल पाठ का हिस्सा थे। उन्होंने विशेष उल्लेख के दौरान कहा कि संविधान की कुछ पुरानी प्रतियों में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, अर्जुन को गीता का उपदेश देते भगवान कृष्ण, महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मीबाई और छत्रपति शिवाजी के चित्र थे, लेकिन अब वे गायब हैं। इस पर विपक्ष ने तीखा विरोध जताया और आरोप लगाया कि बीजेपी जानबूझकर अनावश्यक विवाद खड़ा कर रही है।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया




इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं। स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गोरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है। दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं।



**-ललित गर्ग**

**(ये विचार लेखक के हैं इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं।)**

## सुविचार

अगर हम विफलता से शिक्षा प्राप्त करते है तो वह सफलता ही है

**- मैल्कम फोर्ब्स**

एक बुद्धिमान व्यक्ति के प्रश्न में ही आधा उत्तर छिपा रहता है

**- सोलोमन इब्न गेबिरोल**

## प्रसंग

### शिव जी का तंत्र

**-एक दंत कथा**

बहुत समय पहले की बात है एक बड़ा सा तालाब था उसमें सैकड़ों मेंढक रहते थे। तालाब में कोई राजा नहीं था, सच मानो तो सभी राजा थे। दिन पर दिन अनुशासन हीनता बढ़ती जाती थी और स्थिति को नियंत्रण में करने वाला कोई नहीं था। उसे ठीक करने का कोई यंत्र तंत्र मंत्र दिखाई नहीं देता था। नई पीढ़ी उत्तरदायित्व हीन थी। जो थोड़े बहुत होशियार मेंढक निकलते थे वे पढ़-लिखकर अपना तालाब सुधारने की बजाय दूसरे तालाबों में चैन से जा बसते थे। हार कर कुछ बूढ़े मेंढकों ने घनी तपस्या से भगवान शिव को प्रसन्न कर लिया और उनसे आग्रह किया कि तालाब के लिये कोई राजा भेज दें। जिससे उनके तालाब में सुख चैन स्थापित हो सके। शिव जी ने प्रसन्न होकर नंदी को उनकी देखभाल के लिये भेज दिया। नंदी तालाब के किनारे इधर उधर घूमता, पहरेदारी करता लेकिन न वह उनकी भाषा समझता था न उनकी आवश्यकताएँ। अलबत्ता उसके खुर से कुचलकर अक्सर कोई न कोई मेंढक मर जाता। समस्या दूर होने की बजाय और बढ़ गई थी। पहले तो केवल झगड़े झंझट होते थे लेकिन अब तो मौतें भी होने लगीं। फिर से कुछ बूढ़े मेंढकों ने तपस्या से शिव जी को प्रसन्न किया और राजा को बदल देने की प्रार्थना की। शिव जी ने उनकी बात का सम्मान करते हुए नंदी को वापस बुला लिया और अपने गले के सर्प को राजा बनाकर भेज दिया। फिर क्या था वह पहरेदारी करते समय एक दो मेंढक चट कर जाता। मेंढक उसके भोजन जो थे। मेंढक बुरी तरह से परेशानी में घिर गए थे। फिर से मेंढकों ने घबराकर अपनी तपस्या से भोलेशंकर को प्रसन्न किया और कहा कि आप कोई पशु पक्षी राज करने के लिये न भेजें कोई यंत्र या मंत्र दे दें जिससे तालाब में सुख शांति स्थापित हो सके। शिव ने सर्प को वापस बुला लिया और अपनी शिला उन्हें पकड़ा दी। मेंढकों ने जैसे ही शिला को तालाब के किनारे रखा वह उनके हाथ से छूट गई और बहुत से मेंढक दबकर मर गए। मेंढकों की समस्याओं हल होना तो दूर उनके ऊपर मुसीबतों को पहाड़ टूट पड़ा फिर क्या था। तालाब के मेंढकों में हंगामा मच गया। चीख पुकार रोना धोना वे मिलकर शिव की उपासना में लग गए, हे भगवान, आपने ही यह मुसीबत हमें दी है, आप ही इसे दूर करें। मेंढकों ने कहा, आपका भेजा हुआ कोई भी राजा हमारे तालाब में व्यवस्था नहीं बना पाया। समझ में नहीं आता कि हमारे कष्ट कैसे दूर होंगे।

## जरा हटके

### नासा ने एस्टेरॉयड की झलक दिखाई

**वॉशिंगटन (ईएमएस)।** हाल ही में नासा ने पृथ्वी की ओर बढ़ रहे एक खतरनाक एस्टेरॉयड 2024 वायआर 4 की पहली झलक दिखाई है। वैज्ञानिकों द्वारा वायआर 4 के 22 दिसंबर, 2032 को पृथ्वी से टकराने का खतरा बताया जा रहा है। इस एस्टेरॉयड के टकराने की संभावना 1.8 प्रतिशत से बढ़कर 2.3प्रतिशत हो गई है। इसकी चौड़ाई लगभग 300 फीट (90 मीटर) तक हो सकती है, जो एक बड़े शहर को पूरी तरह से तबाह कर सकता है। वैज्ञानिक इसे तुंगुस्का एस्टेरॉयड के समान मानते हैं, जो 1908 में साइबेरिया के तुंगुस्का इलाके में गिरा था और भारी विनाश हुआ था। 1908 के एस्टेरॉयड के विस्फोट ने 830 वर्ग मील (2,150 वर्ग किमी) का इलाका नष्ट कर दिया था। हालांकि, इसका कोई क्रेटर नहीं बना था, क्योंकि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के वातावरण में घुसते ही फट गया था। इससे लाखों पेड़ नष्ट हो गए थे, लेकिन कोई बड़े पैमाने पर मानव जनहानि नहीं हुई थी। अगर 2024 वायआर 4 पृथ्वी से टकराता है, तो यह एक छोटे शहर को पूरी तरह नष्ट कर सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह पूरी दुनिया के लिए तबाही नहीं लाएगा। यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए)के अनुसार, यह एस्टेरॉयड 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के सबसे करीब होगा, लेकिन इसका टकराना अत्यधिक संभावना से बाहर है। ईएसए ने कहा कि 99प्रतिशत संभावना है कि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के पास से बिना किसी नुकसान के गुजर जाएगा। हालांकि, यह टोरिनो इम्पैक्ट स्केल पर रेटिंग 3 रखता है, जो खतरे के संकेत का संकेत है। इस स्केल पर 0 से 10 तक रेटिंग होती है, जिसमें 0 का मतलब कोई खतरा नहीं और 10 का मतलब सभ्यता समाप्त होने की स्थिति होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के प्रोफेसर कोलिन स्नोडग्रास ने कहा कि सबसे अधिक संभावना यही है कि 2024 वायआर 4 पृथ्वी से बिना किसी नुकसान के गुजर जाएगा, लेकिन फिर भी इसे और अधिक अध्ययन की आवश्यकता है ताकि इसकी कक्षा का सही अनुमान लगाया जा सके। यदि इस एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने का खतरा बढ़ता है, तो नासा के पास इसे रोकने की रणनीतियां हैं। 2022 में नासा ने डर्ट मिशन के तहत एक अंतरिक्ष यान को जानबूझकर एक एस्टेरॉयड से टकराकर उसकी दिशा बदल दी थी। यदि 2024 वायआर 4 का खतरा बढ़ता है, तो ऐसी तकनीकों का फिर से उपयोग किया जा सकता है।

## फोटो ऑफ द डे




गाजा में परिवार और समर्थक बंधकों की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए। हमास और इजरायल के बीच संघर्षविराम के बीच ये मांग तेज हो गयी है। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# फिर गिरी छिपकली

**-ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव**

वैसे तो आज हम वैज्ञानिक युग मे जी रहे है किन्तु, हमारी विचारधारा वही घिसीपिटी बाबा आदम के जमाने की है। अब परसों की ही बात है; मेरे पैर पर एक छिपकली गिरी। मैं प्रसन्न हो गया कि मेरे चरण स्पर्श कर रही है। मैंने आशीर्वाद दे दिया सौभाग्यवती भव~। किन्तु, ज्ञानी पुरुष होने के कारण मेरे दिमाग मे खुजली होने लगी कि पता नही ये छिपकली कुँवारी है या शादीशुदा। शादीशुदा है तो ठीक है; किन्तु, यदि कुँवारी हुई तो उसे सौभाग्यवती का आशीर्वाद कैसे? हाय! हमारा आशीर्वाद मिथ्या हो जाएगा। तभी एक और विचार मेरे दिमाग मे जबरदस्ती घुस आया कि पता नही ये छिपकली है भी या छिपकला। नर है या मादा। मादा है तो ठीक! किन्तु, नर को सौभाग्यवती होने की जरूरत क्या? नर तो खुद ही किसी नारी के इर्द-गिर्द नारा बनके अपने सौभाग्य पर इठलाता रहता है। हाय! मैंने पहली बार आशीर्वाद दिया, वो भी त्रिशंकु की तरह मझधार मे लटक गया। हाय! मैंने आशीर्वाद क्यों दिया? हम इसी उधेढबुन मे उलझे थे, तभी हमारे छुटपन के छकाउ यार शेखू पधारे। सोफे पर लदते हुए हमारे जख्म कुरेदने लगे। मैंने अपनी परेशानी वाली छिपकली पुराण उन्हे सुनाई। किन्तु शेखू हमारी समस्या सुलझाने की बजाय और उलझाते हुए बोले, शरीर पर छिपकली गिरने से महापाप लगता है और व्यक्ति नरक मे जाता है...। नरक का नाम सुन मेरे नयन नाले बन गए। स्वर्ग जाने का अपना सपना टूटता देख मैंने शेखू से कुछ उपाय करने को कहा। शेखू मुझे स्वर्ग तक सीधी पहुँच रखने वाले बाबा झंझटिया नाथ के पास ले गया। मेरी आँखो से गंगा-जमुना बहते देख बाबा ने अपने नेत्र बन्द कर लिए, किन्तु किसी और नेत्र से हमारा परीक्षण करते हुए बोले, बचा तू बहुत संकट में है, तेरे ऊपर मौत का साया है। मौत का साया सुन मुझे भैसे पर सवार यमराज नजर आने लगे। मैंने घबराकर बाबा के चरण पकड लिए और कहा, महाराज मेरे ऊपर छिपकली गिरी थी...। बाबा ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए अपनी भृकुटी तानकर पूछा, बचा कौन-सी छिपकली थी। क्या नाम था उसका? मैंने रिरियाते हुए कहा, महाराज दीवार पर रेगने वाली छिपकली का भला क्या नाम हो सकता है। जय काल भैरव! मै त्रिकालज्ञ हूँ, सब जानता हूँ। तुझे छिप-छिप दोष हुआ है। वो छिपकली नही तुम्हारे पूर्व जन्म की पत्नी है... तुझसे बहुत प्यार करती है। छिपकली योनि मे भटककर कष्ट में है, इसीलिए तेरे पास आई है। बाबा बोले। वैसे तो दुर्भाग्यवश इस जन्म में मैं अभी कुँवारा हूँ, किन्तु अपने पूर्व जन्म की पत्नी को कष्ट में जान मुझे बहुत कष्ट हुआ। मैंने बाबा से अपनी प्रिय पत्नी के कष्ट दूर करने का उपाय पूछा। बाबा बोले, बचा द्वापर युग महाराज छपाक देव को भी छिप-छिप दोष हुआ था; तब मेरे गुरुदेव ने कष्ट निवारण हेतु छिपकली मेघ यज्ञ करवाया था। तुझे भी वही यज्ञ करवाना होगा...। यज्ञ का नाम सुन मैं अपनी जेबे टटोलने लगा। तभी शेखू ने बाबा जी की बात बीच में ही काटते हुए पूछा, महाराज अश्वमेघ यज्ञ तो सुना था किन्तु, छिपकली मेघ यज्ञ क्या होता है। बाबा ने फिर अपनी कथा शुरू की, अमावस की अँधेरी रात को, श्मशान में, सोने की छिपकली को यज्ञ कुन्ड मे प्रवेश कराया जाता है...। बात जब मेरी खोपडी के ऊपर से होकर गुजरी, तो मैंने अपनी बेअक्ल जबान फिर हिलाई, महाराज मैंने आज तक छिपकली को सोते हुए नहीं देखा है, तो फिर मैं सोने वाली छिपकली लाऊँगा कहाँ से? महाराज ने दशहरे के रावण के माफिक लाल-लाल आँखे तरेरी और चीखे, शम्भू! जय काल भैरव! मूर्ख तेरे मरने की घडी नजदीक आ रही है।

## चिंतन-मनन

# आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश

चिन्मय आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक-सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पाषर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है। जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमश~ छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए।

## रोचक

# खाने को मिलेगा काला आलू, कैंसर से करेगा बचाव

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सफेद और लाल आलू तो आपने खाए ही होंगे। क्या आपने कभी काले आलू के बारे में सुना या खाया है। यह आलू कई तरह के औषधीय गुणों से भरा होता है। इसे काला आलू कहते हैं। इस आलू के पैदावार की उम्मीद जगी है झारखंड राजभवन के उद्यान से। दरअसल राजभवन में पहली बार अमेरिकी मूल के इस काले आलू की खेती प्रयोग के तौर पर की गई है। यह प्रयोग सफल रहा। इसे झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने खुद अपनी देखरेख में बीज देकर लगवाया। जल्द ही यह फसल पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। काला आलू मुख्य रूप से अमेरिका के एंडीज पर्वत क्षेत्र में पैदा होता है, लेकिन अब इसे झारखंड में भी उगाया जा रहा है। राजभवन के किचन गार्डन में प्रयोग के तौर पर इसे लगाया था। अब फसल तैयार है। राजभवन के सहायक उद्यान प्रभारी ने बताया कि काले आलू की बेहतरीन फसल हुई है। एक पखवाड़े में इसे उखाड़ा जाएगा। यह आलू बाहर से काला और अंदर से चमकीले बैंगनी रंग का होता है। इसमें एंथोसायनिन की मात्रा ज्यादा होती है, जो इसे गहरा बैंगनी रंग देता है। काले आलू में सामान्य आलू की तुलना में दो से तीन गुना ज्यादा एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं। इसलिए ये खाने में भी स्वादिष्ट होता है। काला आलू स्वादिष्ट होने के साथ ही औषधीय गुणों से भरपूर है। इसे मधुमेह के मरीज भी खा सकते हैं।

### आयुक्त ने की सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों की समीक्षा

**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा शहर के नागरिकों द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु सीएम हेल्प लाईन मे दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों के निराकरण को समयावधी मे पूर्ण करने के साथ ही शिकायतकर्ता की शिकायतों को संतुष्टी पूर्ण हल किये जाने के निर्देश समस्त विभाग प्रमुखों को बैठक के दौरान दिये गये। बैठक मे आयुक्त ने निर्देश दिये कि शिकायतों का निराकरण प्रथम स्तर पर ही किया जावे।

### खाद्य सामग्री वितरीत कर मनाई संत रविदास की जयंती

**देवास।** संत रविदास सेवक संघ द्वारा जिलाध्यक्ष प्रेम बालोदिया के नेतृत्व में संत रविदास जी की जयंती बुधवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। संघ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पंचोली के मुख्य आतिथ्य में बावडिया स्थित सेवा बस्ती में हुए आयोजन अंतर्गत सर्वप्रथम संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात क्षेत्र के बच्चों को संत रविदास जी के जीवन पर विस्तृत जानकारी देते हुए सेवा बस्ती के बच्चों को पाठ्य एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

## फटाफट खबरें

### बाबा संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का शुभारंभ

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** नगर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल बाबा संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का शुभारंभ मंगलवार देर शाम अतिथिगणों द्वारा मेला स्थल गुप्ता ग्राउंड पर किया गया। इससे पूर्व प्रात: नपाध्यक्ष नीतू यादव, पार्षदगण और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले आदि द्वारा विधिविधान समाधि स्थल पर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर समाधि स्थल पर आरती हुई और बाबा के जयघोष लगाए गए। शाम को मेले का अतिथिगणों विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया।उद्घाटन समारोह में के मुख्यातिथि पूज्य आचार्य पं. सोमेश परसाई, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले,जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे की गरिमामयी उपस्थिति हुआ।

### श्रद्धालुओं को मैहर विधायक ने खाद्य सामग्री की वितरित

**मैहर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अपार भक्त ों की आस्था और कुंभ स्नान को लेकर इन दिनों पूरे भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। जिसको लेकर अत्यधिक भीड़ होने के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं को मध्यप्रदेश में भी कई स्थानों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए रोका जा रहा है। रुके हुए श्रद्धालुभक्त ों को मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा खिचड़ी प्रसाद एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता संयुक्त रूप से नगर में जगह जगह सेवाभाव से निरंतर मैहर आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने ठहरने एवं व्यवस्थित पार्किंग की सेवा में पूरे प्राणपण के साथ जुटे डुए हैं।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई

**मैहर।** शारददेवी मंदिर स्थित संत रविदास आश्रम में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती में विभिन्न कार्य म आयोजित किए गए। कार्य म में संत रविदास को श्रद्धासुमन समर्पित करने के लिए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेश घई ने आश्रम पहुंचकर संत रविदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर धर्मेश घई ने संत रविदास के आदर्शों पर चलते हुए समाज परहित कार्यों के सिद्धांतों के पालन करने की शपथ ली। संत रविदास जी आश्रम के मुनि जी एवं रामपाल जी द्वारा विशेष पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त जातिवाद और भेदभाव के खिलाफसंघर्ष किया और समानता की वकालत की। वह सेवा के आधार स्तंभ थे संत गुरु। उन्होंने कहा कि हमें संत रविदास जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और समाज में समानता और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए।

### समाजजनों ने आयोजित की संगोठी

# संत शिरोमणी रविदास महाराज का प्राकट्य उत्सव मनाया

● **अशोकनगर, ईएमएस।**

बुधवार को संत शिरोमणी रविदास महाराज का प्राकट्य उत्सव जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर के वायपास रोड़ स्थित श्री युगल सरकार मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां श्री युगल सरकार श्रीमदभगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के सदस्यों ने ब्रह्ममुहूर्त में ग षि स्नान और योगाभ्यास के बाद भक्तियोग का पाठ किया। इस दौरान संत रविदास जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर उनका जीवन परिचय पढ़ा गया। गीता व्रती रामबली ने बताया कि संत रविदास का जन्म काशी में संवत 1433 में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता का नाम संतोख दास और माता का नाम कलसा देवी था। उनकी पत्नी लोना देवी थीं। जूता बनाने का काम करने वाले संत रविदास जी अपना कार्य पूरी निष्ठा और समयबद्धता से करते थे। संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने



लोगों को धार्मिक आडंबरों से दूर रहने का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी प्रासंगिक है, जो मन की पवित्रता पर बल देता है। वे अत्यंत परोपकारी और दयालु स्वभाव के थे। साधु-संतों को निशुल्क जूते भेंट करना उनकी आदत थी। उनके इस स्वभाव से उनके माता-पिता नाराज रहते थे और अंतत: उन्होंने रविदास जी और उनकी पत्नी को घर से निकाल दिया। लेकिन इससे उनके जीवन के उद्देश्य पर कोई असर नहीं पड़ा। वे पड़ोस में रहकर अपना व्यवसाय करते रहे और शेष समय ईश्वर-भजन और सत्संग में व्यतीत करते रहे।

इस अवसर पर समाजजनों ने एक संगोष्टी का आयोजन किया। जिसमें समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गये। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा बताया गया कि संत रविदास महाराज के मंदिर निर्माण कार्य के चलते इस बार चल समारोह निकाल पाना सम्भव नहीं हो सका। उन्होने बताया कि बीती 31 जनवरी को आयोजित हुए समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर काफी धूमधाम आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत भंडारा, समारोह, व गुरु वाणी, तथा भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से सुसजित कर निकाली जाएंगी।

### 648 वें जन्मोत्सव पर सोभायात्र निकाली

**खरगोन।** संत शिरोमणी रविदासजी का 648 वां जन्मोत्सव उत्सव पर मुख्यालय में संत रविदास समाज कल्याण समिति निमाड़ द्वारा सुबह कालादेवल मंदिर परिसर में समाजजन एकत्रित हुए, यहां से भव्य शोभायात्रा की शुरुआत हुई। इसमें बड़ी संख्या मे समाजजनों ने शामिल होकर संत के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए करीब 4 घंटे भ्रमण के बाद वापस कालादेवल मंदिर पहुंचकर सभा में तब्दील हुई। यहां बतौर मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने संतश्री को जन्म जयंती पर सादर नमन और वंदन करते हुए कहा कि संत रविदास जिन्हें रैदास के नाम से भी पुकारा जाता है, उन्होंने समाज से भेदभाव के उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सेवा, सौहार्द और भाईचारे की भावना से भरे उनके संदेश समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।

### पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तह्त नाबालिग को बचाया

**नसरूल्लागंज।** 11 फरवरी 2025 को फरियादी द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताया कि इसकी नाबालिक लड़की को इसके घर से दरमियानी रात को कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया हैं, की रिपोर्ट पर थाना भैरूंदा में अपराध धारा 137(2)bns का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस कार्यवाही- सीहोर पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर नाबालिक लड़की को दस्तयाब करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग व एसडीओपी श्री दीपक कपूर के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भेरूँदा द्वारा अपृहरता व संदेही की तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपी व अपहृर्ता की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त किया जिसके परिणास्वरुप घटना के 24 घंटे के अन्दर ही दिनांक 11,12.02.2025 को बस स्टेण्ड बरोठा जिला देवास से नाबालिक बालिका को आरोपी राहुल पिता तेज सिहं कीर उम्र 23 साल निवासी ग्राम लालपुर थाना अवतिंपुर बडोदिया जिला शाजापुर के कब्जे से दस्तयाब किया गया व अपृहरता के कथन लेने उपरान्त अपृहरता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया।




## पुलिस ने फरार आरोपी पर 10 हजार का इनाम किया घोषित

**नर्मदापुरम (ईएमएस)।** जिला मुख्यालय पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी युवक अमित दीवान पिता देवनारायण (33) ने पिछले रविवार 2 फरवरी को बाबई रोड स्थित यशराज होटल के कमरे में आरोपियों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल से मृतक का तीन पेज का सुसाइड नोट पुलिस ने बरामद किया था जिसमें ऑनलाइन गेमिंग क्रिकेट सट्टा के कर्ज के रुपए देने के बाद भी उसे प्रताड़ित किए जाने का उल्लेख है। मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा था कि वह जीना चाहता है, परंतु इतना अधिक प्रताड़ित हुआ कि उसने मौत को गले लगाया। देहात पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। जो शहर के चर्चित और रसूखदार चेहरे हैं, कुछ तो सत्ता पक्ष के बड़े नेताओं के खास माने जाते हैं। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। जिनमें भाजपा नेता प्रकाश शिवहरे के बेटे विक्की शिवहरे ,आकाश मोबाइल सहित भैय्यू सराठे, ऋषि सराठे, राकेश रघुवंशी, सौरभ शर्मा, विवेक ठाकुर नितिन मालवीय शामिल हैं। जानकारी के अनुसार भाजपा नेता प्रकाश शिवहरे ने दोनों बेटों के लिए अग्रिम जमानत लगाई थी जो की निरस्त हो गई है। वही सर्व विप्र महासभा ने बुधवार को आईजी से मुलाकात कर अपनी बात रखी है। मामले को लेकर एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि फरार आरोपियो पर 10000/- 10000/ हजार रुपए का इनाम घोषित किया है और संपत्ति कुर्की की तैयारी चल रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

### रिश्ता और मानवता दोनों हुई शर्मसार

## ममेरे भाई ने 3 साल तक किया नाबालिग का रेप, पीड़िता ने तंग आकर खाया जहर

● **अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जिससे न केवल रिश्ता बल्कि मानवता भी शर्मसार हो गई है। मामला चन्देरी थाना क्षेत्र का है, जहां एक ममेरा भाई नाबालिग बहन के साथ तीन साल तक दुष्कर्म करता है। नाबालिग ने तंग आकर जहरीला पर्दाथ खा लिया। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 11 वर्षीय पीड़िता की मां बचपन में किसी अन्य व्यक्ति के साथ भाग गई थी और पिता का कोई पता नहीं है। वह अपने मामा के घर में रहती है। नाबालिग ब%ची की मजबूरी का फायदा उठाते हुए ममेरे भाई ने



उसे अपनी हवस का शिकार बनाया और लगातार तीन साल तक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया की आरोपी पिछले तीन सालों से बच्ची के साथ उसके पुराने घर के पीछे ले जाकर दुष्कर्म करता था। वह सामान उठाने के बहाने पीड़िता को बुलाता और फिर उसके साथ दुष्कर्म करता था। डर के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई। हाल ही में भाभी से हुए विवाद के बाद परेशान होकर उसने चूहा मारने की दवा खा ली, जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगीं। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए चंदेरी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### बड़ा अखाड़ा के संत के निधन पर गहरा शोक

**मैहर।** बड़ा अखाड़ा मैहर के संत रामनाथ शरण जी मोहित महाराज उम्र 30 वर्ष का दुखद निधन बुधवार को दोपहर 3:30 बजे पूजा नर्सिंग होम सतना में ईलाज के दौरान हो गया। ज्ञातब्य है कि एक सप्ताह पहले मोहित महराज दोपहिया वाहन से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका ईलाज सतना में चल रहा था। इस दुखद निधन पर शोक ब्यक्त करने वालों में सीताबल्लभ शरण जू महाराज, रमेश पांडेय बमबम महाराज, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, रामनिवास उरमलिया, देवेन्द्र पांडेय,सुरेश तिवारी, सतीश मिश्रा, राजललन मिश्रा, प्रभात द्विवेदी, दीनदयाल शरण जू महराज, रमापति गौतम, बलराम जग्यासी, सुशील तिवारी एवं पीएल द्विवेदी आदि हैं।

## संत रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

● **सागर, ईएमएस।**

संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 648 वी जन्म जयंती के अवसर पर सागर में बड़ी धूमधाम के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई ! भव्य शोभायात्रा का भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर के हृदय स्थल तीन बत्ती पर विशेष पंडाल लगाकर जोरदार स्वागत किया स्वागत कार्यक्रम में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन,जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ बड़ी संख्या में पार्षद गण,पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें

शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर जोरदार पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया शोभा यात्रा मे शामिल पंच प्यारों का विधायक शैलेंद्र कुमार जैन,जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं शोभा यात्रा में शामिल अखाड़ों के पहलवानों के साथ लेजम बजाकर उत्साह वर्धन कर संत शिरोमणि



रविदास जी की पालकी में विराजमान संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र की पूजा अर्चना कर पालकी में कन्धा लगाया! पंडाल में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के शीतल जल,फल व मिष्ठान वितरित किया गया! कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र पाठक,पार्षद धर्मेंद्र खटीक शैलेंद्र ठाकुर,मेघा दुबे,भरत माते,देवेन्द्र अहिरवार, विशाल खटीक,नरेश धानक,पराग बजाज,कैलाश हसानी,डब्बू साहु जिला उपाध्याय रामेश्वर नामदेव जिला कार्यालय मंत्री देवेन्द्र कटारे, जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मंडल अध्यक्ष अमित वैसाखिया,नीरज यादव नीलम अहिरवार रीतेश मिश्रा,अंशुल हरषे,नीलेश जैन,मनीष चौबे विक्रम सोनी जावेद खान मनोज रैंकवार,अनिकेत यादव दीपक खटीक,सतीश जैनअंशुल परिहार,जय सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## अनूठी शादी के साक्षी बने संविधान निर्माता बाबा साहब

● **खरगोन, ईएमएस।**

जिले के ग्राम पिपराटा मेनगांव के वर्मा परिवार के यहां बीती रात हुई शादी जिलेभर में चर्चा का विषय बन गई है।

यहां सहायक शिक्षक राधेश्याम वर्मा के बेटे जितेंद्र ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को साक्षी मानकर दुल्हन वेदिका के गले में वरमाला डाली। नवदंपत्ति ने संविधान की उद्देशिका की शपथ ली और विवाह बंधन में बंधे। उनके साथ मेहमानों ने भी समाज में समानता का भाव लाने का संकल्प लिया। सोमवार रात को बस स्टैंड क्षेत्र में हुए इस अनूठे विवाह के करीब 1000 से अधिक मेहमान साक्षी बने। मेहमानों ने भी बाबा साहब के साथ गौतम बुद्ध के सिद्धांतों का जीवन में पालन करने




की बात कही। दूल्हे जितेंद्र ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान व तथागत गौतम बुद्ध के विचारों की वजह से सभी समान भाव से देश में रह रहे बाबा साहब ने पिछड़े लोगों को अधिकार दिलाए है। उनसे प्रेरित होकर समाज में उनके सिद्धांतों को प्रसारित करने के लिए ऐसा विवाह आयोजन रखा गया। जितु ने बताया मेरे मार्गदर्शक व गुरु रामेश्वर बडोले का भी आभार व्यक्त किया जिनसे उन्हें प्रेरणा ओर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है।

## फेयरवेल पार्टी में स्कूली बच्चों का जानलेवा खेल!

**नसरूल्लागंज-भैरूंदा।** भैरूंदा तहसील अंतर्गत ग्राम सेमलपानी में स्कूली बच्चों की फेयरवेल पार्टी में स्कूल के जिम्मेदारों की मौजूदगी में नाबालिग स्कूली बच्चों ने चार पहिया वाहनों से जो जानलेवा खेल दिखाया वह देखकर आप भी सहम जाएंगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आज 11-2-25 को स्कूल में आयोजित फेयरवेल पार्टी के दौरान स्कूल के समस्त स्टाफ की मौजूदगी में नाबालिग स्कूली बच्चों ने कारों ट्रैक्टरों से स्कूल ग्राउंड पर रैसिंग की ओर इस रैसिंग में छोटे-छोटे बच्चे भी उनके वाहनों पर बैठे हुए थे वहीं अनेक बच्चे बीच ग्राउंड पर खड़े हुए थे और जिम्मेदार उन्हें रोकने के बजाय तमाशबीन बने हुए थे। देखना यह है कि वरिष्ठ अधिकारी इन तमाशबीन बने जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने का साहस जुटा पाते है या नहीं। नाबालिग बच्चों को जोखिम भरे खेल में बच्चों को वाहन देने वाले अभिभावक अपनी ग़लती से सबक लेंगे या बच्चों को यूं ही प्रोत्साहित करेंगे। उक्त घटना के संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि इस ख़तरनाक रैसिंग गेम को लेकर स्कूल प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है।

## राज्य स्तर पर पुरस्कृत हुई सीसीबी

● **खरगोन, ईएमएस।**

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित खरगोन को नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में मप्र शासन के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग द्वारा सीसीबी प्रबंध संचालक पीएस धनवाल को विशिष्ठ राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना अन्तर्गत सराहनीय कार्य करने के लिए दिया गया है। उक्त सम्मान मिलने पर सीसीबी कर्मचारियों ने प्रबंधक धनवाल एवं उपायुक्त के आर आवासे का बैंक के प्रधान कार्यालय में पुष्पवर्षा कर आत्मिय स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर प्रबंध संचालक धनवाल ने कहा कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में शुरूआती समय में अत्यधिक चुनौतियों भरा था, लेकिन सुनियोजित रणनीति और



टीम वर्क के कारण संभव हो सका, इसमें मास्टरट्रेनर रूपक असरोदिया, अभिषेक पालीवाल, हितेश पाटीदार की भूमिका सराहनीय रही है। इस अवसर पर राजेन्द्र आचार्य, श्रीमती संध्या रोकडे, ललित भावसार, कुरेश अली बोहरा, सुरेश यादव, रविन्द्र महाजन, अभिषेक तोमर, विनोद पाटीदार, धन्नालाल कुशवाह, संजय गुप्ता, पर्वतसिंह गेहलोद, पप्पु यादव, हरिराम वर्मा, पुनीत तारे सहित बैंक एवं संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 21 करोड़ के विकास कार्य , कहा खुरई आज भी नंबर वन

# विधायक सिंह ने वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का किया भूमिपूजन

● **सागर/ खुरई, ईएमएस।**

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई तालाब के समीप स्व ठा.महेंद्र सिंह पार्क में 17.80 करोड़ की लागत से ओलंपिक मापदंडों के अनुरूप बन रहे वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भूमिपूजन किया। उन्होंने यहां के चंद्रशेखर आजाद वार्ड में गूलर रोड पर 179 लाख की लागत से बने स्टेडियम और वीर सावरकर वार्ड स्थित आदर्शनगर कालोनी में 78 लाख की लागत से निर्मित पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि झूठ, फरेब, धोखे की राजनीति का युग समाप्त हो गया जनता अब विकास के काम, शांति और समृद्धि चाहती है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई



विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने नगरीय विकास मंत्री रहते हुए खुरई में अंतरराष्ट्रीय तैराकी स्पर्धाओं के लिए ओलंपिक मापदंडों के अनुरूप वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स खुरई में बनाने हेतु स्वीकृत किया था। एमपीयूडीसी द्वारा17.80 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इस कांप्लेक्स में इंटरनेशनल स्वीमिंगपूल, ट्रेनिंग के लिए हाफ ओलंपिक साइज स्वीमिंगपूल, बच्चों के लिए पृथक से तीसरा स्वीमिंगपूल, पैवेलियन बिल्डिंग, डबल स्टोरी पार्किंग, फूड कोर्ट, डारमेट्री बनाने का प्रावधान है।

यह कार्य छह माह में पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बनने के बाद खुरई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तैराकी स्पर्धाओं का केंद्र बनेगा जिससे यहां की खेल प्रतिभाओं का कैरियर बनेगा और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सुविधाओं की कमी है जिनको उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा दायित्व है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 78.52 लाख की लागत से आज जिस स्टेडियम का लोकार्पण हुआ है उसमें रणजी स्तर की क्रिकेट स्पर्धा संभव है। इसमें सिटिंग, पैवेलियन बिल्डिंग, पिच है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षो में उन्होंने खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर नगर कस्बे और ग्रामों में अनेक स्टेडियम बनवा कर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इनका लाभ खिलाड़ियों व जनसामान्य को मिलना शुरू हुआ है। हाल ही में बुंदेलखंड के उप्र व मप्र के 60 विधानसभाओं के बीच हुई बुंदेलखंड क्रिकेट लीग की 4 लाख की ईनामी चुनौतीपूर्ण चैंपियनशिप खुरई विधानसभा क्षेत्र की टीम ने जीत ली इसकी वजह यही खेल सुविधाएं और प्रतिवर्ष चलने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट हैं। यहां से अच्छे खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि मैं सवा साल से मंत्री नहीं लेकिन खुरई के लिए इतना कुछ किया है कि खुरई आज भी विकास में नंबर वन है।

## पुलिस ने 318 लीटर शराब की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

● **नसरूल्लागंज-भैरूंदा, ईएमएस।**

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में अवैध शराब पकडने हेतु दिये गये निर्देशो के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग, एसडीओपी भैरुंदा दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोपालपुर निरीक्षक महेन्द्र सिंह गौड के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये 318 लीटर शराब, कार व आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

पुलिस द्वारा कार्यवाही - दिनांक 12.02.2025 को रात्रि के समय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति एक बोलेरो कार क्रमांक MP 53-CA-5353 में अबैध शराब



परिवहन करते हुये हरदा छीपानेर से जा रहा है, कि सूचना पर ग्राम चौरसाखेडी में पुलिस द्वारा चैक करने किया। तभी एक बोलेरो कार क्रमांक MP 53-CA-5353 छीपानेर तरफ से आयी। जिसे डिपर लाइट और टार्च लाइट देकर रोका गया। जिसमें एक व्यक्ति चालक की सीट पर बैठा मिला। जिससे उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रोहित पिता सरवन बैरागी उम्र 24 साल निवासी खातेगांव थाना खातेगाव जिला देवास का होना बताया। कार की तलाशी ली व कार के गेट को खोला तो उसमें लाल मसाला, सफेद प्लेन, अंग्रेजी के ओल्ड मौंक व पावर कूल की बीयर शराब के कार्टून भरे हुए मिले जिनके सम्बंध में रोहित पिता सरवन बैरागी से लायसेंस के बारे में पूछा तो उसने नहीं होना बताया।

## स्वच्छता का संकल्प दिलाया, सामुदायिक भवन की घोषणा

**सीहोर।** बुधवार को अनेक सामाजिक संगठनों के द्वारा शहर के गंज स्थित मंदिर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का आयोजन किया गया था। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर मौजूद सभी से शहर में स्वच्छता के साथ कुरीतियों से दूर रहने का संकल्प दिलाया और मंदिर के पास ही सामुदायिक भवन बनाए जाने की सौगात भी दी। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री रवि नागले, पार्षद लोकेन्द्र वर्मा, महेन्द्र जाटव, सन्नी जाटव के अलावा अन्य सामाजिक बंधु और क्षेत्रवासी शामिल थे।



## बिंजाना फाटक के पास मिला युवक का शव

**देवास।** एक व्यक्ति का शव बिंजाना फाटक पर मिला है। मृतक की पहचान शांति नगर निवासी विजय मालवीय के रूप में हुई है, वह एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि विजय शाम को घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। इसके बाद परिजन तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे, जहां बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।



### फटाफट खबरें

## कांग्रेस ने किया रविदास जयंती चल समारोह का स्वागत

**आष्टा/सीहोर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 648 वी जयंती चलसमारोह पर सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने डॉ.अम्बेडकर परिसर आष्टा थाने के सामने चलसमारोह का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सेवादल कांग्रेस के कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष एवं म.प्र.कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य एडवोकेट कैलाश परमार ने चलसमारोह अध्यक्ष बलवान सिंह बगाना, कैलाश बगाना, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील फरेला, बाबूलाल जाटव कजलाश सरपंच, माखनलाल कुराडिया, ब्लाक कांग्रेस आष्टा के अध्यक्ष दिलीप आँवले, राजकुमार केथवाल आदि जांगड़ा समाज का पगड़ी बांधकर सम्मान किया।

## सिकरवार परिवार की अनूठी पहल

**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान को लेकर जहां शासन-प्रशासन व सामाजिक, राजनीतिक संगठन लगातार कार्य कर रहे है। वहीं इस अभियान का असर अब सामाजिक स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में पत्रकार अनिल राज सिंह सिकरवार की पुत्री अक्षिता सिकरवार का विवाह समारोह बीआर रिसोर्ट में आयोजित किया गया। जहां पं. अजय शास्त्री ने विवाह की रस्म संपन्न कराई। इस दौरान वर डॉ. आकाश प्रताप सिंह व वधु अक्षिता सिकरवार को पं. शास्त्री ने फेरे के सात वचनों के बाद आठवां वचन भी दिलवाया। जिसमें पं. शास्त्री ने वर-वधु को संकल्प दिलाया कि हमारे परिवार में बेटी के जन्म पर भी हम खुशियां बनाएंगे, पुत्र होने के समान प्रसन्नता व्यक्त करेंगे। इस वचन को दोनों वर-वधु ने सहर्ष स्वीकार किया। साथ ही उपस्थित परिजनों ने भी करतल ध्वनि से वचन का समर्थन किया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत बैठक संपन्न

**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में उद्यानों की ओर भी नगर निगम द्वारा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर मंगलवार 11 फरवरी को निगम बैठक हाल में सभी उपयंत्री, उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत उद्यानों में की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं उनकी वर्तमान स्थिति को लेकर स्वच्छ भारत मिशन टीम के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान सर्वेक्षण में उद्यानों के अंदर एवं बाहर की जाने वाली तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी सौरभ त्रिपाठी द्वारा संबंधित के उपयंत्रियों को उद्यानों का निरीक्षण कर तत्काल प्रभाव से की जाने वाले तैयारियों को पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया एवं निरीक्षण के दौरान उद्यानों में कचरा दिखाई देने पर, कचरे की जांच कर दस्तावेजों के आधार पर संबंधितों के विरुद्ध स्पॉट फाइन करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक व दरोगा को दिए गए एवं उद्यान विभाग के कर्मचारियों को सर्वे कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही उद्यान में किए जाने वाले अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी तत्काल पूर्ण किए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

### व्यक्ति संसार में आया है तो उसे एक दिन जाना भी है

# 1008 महामंत्रों से जिनेंद्र भगवान की प्रतिमा का किया अभिषेक

**सीहोर /आष्टा, ईएमएस।** जन्म -मरण का चक्र संसारी जीव को चलता रहेगा। व्यक्ति संसार में आया है तो उसे एक दिन जाना भी है तथा जन्म और मरण निश्चित है। कृतकारित अनुमोदना। अनुमोदना व्यक्ति को किसकी करना चाहिए। जो व्यक्ति धार्मिक कार्यक्रम में कोई भी कार्य करने में सक्षम है तो उसे वह कार्य स्वयं करना चाहिए, ना कि सिर्फ अनुमोदना करना चाहिए। देने वाला ,ग्रहण करने वाला और अनुमोदना करने वाला यह कृतकारी अनुमोदन में आता है। भगवान की पूजा करने वाला स्वर्ग में जाता है और भगवान की पूजा भक्ति -भाव के साथ करने वाला मोक्ष में जाता है। अर्ध्य अर्पित करते समय अर्ध्यम निर्वपांति स्वाहा बोलना चाहिए। साधु को सीधे मोक्ष की प्राप्ति होती है।आने का नियम है, लेकिन जाने का नहीं।



उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज के श्रीमुख से 1008 महामंत्रों के वाचन के साथ लाभार्थियों द्वारा अभिषेक,शांति धारा के दौरान कहीं।

आचार्य श्री ने इस अवसर पर आगे कहा कि आने का नियम है जाने का कोई नियम नहीं है।हम आये भी है तो जाकर दोबारा आये यह कोई जरूरी नहीं ,जाने के बाद आने का कोई पक्का नियम नहीं है। तीर्थकर भगवान ने इस धरती पर जन्म लेकर आना तो निश्चित किया पर पुनः इस धरती पर आना नही ऐसा पक्का नियम किया है । आचार्य विनम्र सागर महाराज ने कहा जन्म सभी को मालूम है लेकिन मृत्यु कब होगी,किसी को नहीं मालूम। जाने कब यह पंछी उड़ जाए रे किसका कितना ठौर, यहां किस का कितना जोर यहां जन्म - मृत्यु में किसी का जोर नहीं चलता। सब अपने- अपने कर्मो के हिसाब से योग्यता को पाते है। आज आपने 1008 महामंत्रों से भगवान के अभिषेक कराएं। यह आपकी भवितव्यता की पहचान है ।अभव्य व्यक्ति भगवान के करीब आने के बाद दर्शन भी नही कर पाते हैं।जो देख रहे वे अयोग्य है, जो योग्य होकर भी देख रहे उन्हें उनका फल उसी प्रकार मिलता है ।जैसे उनके परिणाम होंगे ।अगर आप एक ही केटेगरी के है ,आप मनुष्य है तो भी सभी के परिणाम ओर फल अलग - अलग होते है।

### अभिषेक, शांति धारा के साथ हवन में आहुतियां दी

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर किला परिसर में पहली बार 1008 महामंत्रों के साथ अभिषेक, शांति धारा लाभार्थी श्रावकों ने आचार्य श्री विनम्र सागर महाराज के परम सानिध्य में भक्ति भाव के साथ की। बुधवार 12 फरवरी को सुबह 1008 रिद्धि मंत्रों से अभिषेक आचार्य भगवंत विनम्र सागर महाराज ससंघ ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर कराएं। आपने कहा कि यह 1008 महामंत्र बहुत कल्याणकारी मंत्र है ।यह आपके यहाँ पहली बार हो रहा है ,इनकी महत्ता जानिए ।जो व्यक्ति 1008 मंत्रों से अभिषेक किया हो, उसकी बड़ी से बड़ी घटना -दुर्घटना भी टल जाया करती है। यह मृत्युंजय मंत्र है। होने वाले रिद्धि मंत्रों की महाआराधना में भाग लेकर अपने जीवन को धन्य किया है। महिलाओं ने अभिषेक की क्रिया को देख कर अपने कर्मो को नष्ट किया।इन मंत्रों से अभिषेक करना बहुत ही शुभ ओर मंगलकारी माना गया है।

# संत रविदास योजना अंतर्गत ऋण वितरण कार्यक्रम संपन्न

### हितग्राहियों को लोन स्वीकृति पत्र किए गए वितरित

**दमोह, ईएमएस।** संतशिरोमणि श्री रविदास जी की जयंती के अवसर पर अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियो को स्वरोजगार स्थापित करने लोन स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम एस.डी.एम. कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हटा विधायक उमादेवी खटीक, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सी.ई.ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने *जनप्रतिनिधयों और अधिकारियों के साथ* संत रविदास योजना अंतर्गत ऋण वितरण योजना कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को 34.50 लाख रुपये के बैंक ऋण की स्वीकृति पत्र प्रदान किये। जिनमें हितग्राही सीमा अहिरवार को जिम लोन 10.50 लाख, राजा कोरी को 8 लाख का लोन जूता चप्पल दुकान के लिए, मोहन अहिरवार को सेंट्रिंग के लिए 50 हजार, नरेश अहिरवार को 3 लाख एवं रीना अठ्या को 2 लाख रूपये का ऋण ब्यूटी पार्लर के लिये दिया गया।




इस अवसर पर विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने बैंक के अधिकारियो से कहा ऋण प्रदाय की प्रक्रिया और सरल की जाए ताकि हितग्राहियों के ऋण प्रक्रिया शीघ्र संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा बकरी पालन, मुर्गी पालन, गौपालन आदि के अनेक प्रकरण स्वीकृति के लिए विभिन्न बैंकों के पास लंबित है, उन्हें शीघ्र निराकृत सुनिश्चित किया जाये। विधायक श्रीमती खटीक ने हितग्राहियो से भी आग्रह किया कि ऋण का भुगतान समय पर करके बैंक के सामने साख बनाएं, ताकि अगला ऋण आसानी से प्राप्त हो सकें।

लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी ने हितग्राहियो, व्यवसाय और स्वीकृत राशि का विवरण दिया। इस दौरान किराना दुकान, जिम, ब्यूटी पार्लर, जूता चप्पल दुकान आदि के लिए 34 लाख 50 हज़ार रुपये राशि के ऋण के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने ऋणी हितग्राहियो को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा प्राप्त राशि से अच्छा मुनाफा कमाएं और बैंक को उसकी राशि समय पर लौटाएं। संभागायुक्त डॉ. रावत ने एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया और अधीनस्थ स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर स्टेट बैंक से फील्ड अफसर आलोक असाटी, सेंट्रल बैंक से प्रबंधक कामोद वर्गीय, यूनियन बैंक के रसीलपुर प्रबंधक दिनेश कुशवाहा, सौरभ नेमा, भोले सराफ, शैलेश पटेल, कनयी पटेल, एस.डी.एम. निकेत चौरसिया, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, लीड बैंक मैनेजर नरेंद्र सोनी, स्टेट बैंक हटा शाखा प्रबंधक राजू तिर्की, सेंट्रल बैंक शाखा प्रबंधक कमोद बागरी, यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक दिनेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मनाई रविदास जयंती

**सीहोर, ईएमएस।** अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रमांक 11 के डॉ. अम्बेडकर नगर के रविदास मंदिर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में रविदास जयंति मनाई गई। सर्वप्रथम राजीव गुजराती द्वारा रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की तथा उन्होने रविदास जयंति पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव से उठकर कार्य करने का प्रयत्न किया। संतजी ने भक्ति और साधना कर प्रभु की पूजा की। वह संत कवि और भगवान के भक्त थे। उपस्थितजनों को रविदास जी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में डॉ.अनीस खान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री, सीताराम भारती, राजाराम बड़े भाई, पूर्व पार्षद श्रीमति आरती नरेन्द्र खंगराले, प्रीतम दयाल चौरसिया, पार्षदगणों में विवेक राठौर, एस.के.फरेला, घनश्याम यादव, अम्बेडकर धर्मशाला के अध्यक्ष नीरज जाटव जोंटी, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, प्रवेश परिहार, धर्मप्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, धन्नालाल परचौले, विजय वर्के, सन्नी जाटव, दीपक सोनकर, अहिरवार समाज भोपाल संभाग अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, धर्मेन्द्र धीमान, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

## आत्महत्या मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**गुना, ईएमएस।** शहर के कैंट इलाके के कुशमौदा में एक 17 वर्षीय नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। परिवार का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था और सोशल मीडिया पर उसकी निजी तस्वीरें वायरल कर रहा था। इसी मानसिक तनाव के कारण उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के विरोध में परिजनों और स्थानीय लोगों ने बुधवार सुबह हनुमान चौराहे पर चक्काजाम कर दिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। मृतका के पिता के मुताबिक, आरोपी युवक उनकी बेटी को बार-बार अश्लील मैसेज भेजता था और धमकाता था कि अगर उसने विरोध किया, तो वह उसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर डाल देगा। हाल ही में उसने यह सामग्री सार्वजनिक कर दी, जिससे लड़की तनाव में आ गई थी। परिजनों का कहना है कि आरोपी ने मंगलवार को भी कई बार कॉल किया, लेकिन जब लड़की की मां ने फोन उठाया, तो दूसरी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि आरोपी के परिवार ने भी इस मामले में चुप्पी साध रखी थी और कोई कार्रवाई नहीं की। बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी स्थिति नहीं बदली, जिससे लड़की बेहद परेशान थी।

# कब्रिस्तान से नाला निकालने की तैयारी कर रही नगर पालिका ?

**सिरोंज, ईएमएस।** हाफिज याकूब बस स्टैण्ड सिरोंज के पास स्थित वक्फीयॉ कब्रिस्तान की भूमि से कब्रस्तान के किरायदार दुकानदारों को हटाकर नगर पालिका अब उस कब्रस्तान में दफन मुर्दाओं के सीने पर से नाला निकालने की तैयारी कर रही है जिसमें कालोनीयों का गंदा पानी आएगा और उक्त कब्रस्तान के किरायदार के रूप में स्थापित गुमठी संचालक भी प्रभावित होंगें।

न्यू बस स्टैण्ड गल्ला मंडी की प्रबंध कमेटी एवं किरायदारों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिरोंज को भी एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कब्रस्तान की प्रबंध कमेटी के सदस्यों एवं कब्रस्तान के दुकानदारों ने कहा कि नगर पालिका सिरोंज द्वारा मौखिक अलाउंसमेंट कराकर कब्रस्तान की भूमि पर गुमठीया चलाने वाले किरायदारों को गुमठीया हटाने के लिए निर्देषित किया गुमठीया न हटाने पर दुकानों एवं गुमठीयों को ध्वस्त करने की बात कही जबकि उक्त कब्रस्तान की भूमि का वक्फ न्यायालय एवं सिरोंज न्यायालय से कब्रस्तान के किरायदारों के पक्ष में फैसला हो चुका है साथ ही मध्यप्रदेष राज्यपत्र 1989 में भी यह कब्रस्तान का नंबर प्रकाषित होकर वक्फ बोर्ड में दर्ज है एवं वर्तमान में ग्वालियर उच्च न्यायालय में प्रकरण गतीषील है ज्ञापन में उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के उपरांत निमार्ण करने की बात कही



कब्रस्तान की प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अताउर्रहमान ने कहा कि पहले भी नगर पालिका द्वारा हमें हटा दिया गया था परंतु वक्फ न्यायालय भोपाल एवं प्रथम जिला न्यायधीष सिरोंज द्वारा कब्रस्तान एवं कब्रस्तान के किरायदारों के पक्ष में फैसला करते हुए नगर पालिका पर क्षतिपूर्ती का जुर्माना लगाया गया था चूंकि नगर पालिका ने मनमाने तरीके से दुकानदारों को अतिक्रमण बताकर प्रभावित किया था नगर पालिक पर लगाए गए जुर्माने को नगर पालिका ने जमा भी किया था।

# बच्ची के साथ छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 7 साल की बच्ची के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है पुलिस ने जब आरोपी युवक को पकड़ने गई तो वह बांकड़े हुनमान मंदिर के पास जंगल में छिपा था तभी पुलिस को देखकर वह भागने लगा लेकिन उस दौरान में पुलिया से कूद गया पुलिया से कूदने के कारण उसके हाथ पैर टूट गए। पुलिस ने आरोपी को दबोचा और उसके बाद उसे मेडिकल के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज लाया गया पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान राजा उर्फ दिलशाद खान के रूप में हुई है जो आरके पुरम कॉलोनी का रहने वाला है पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**बच्ची जा रही थी चिप्स लेने तभी की छेड़खानी:** बताया जाता है कि विवेकानंद कॉलोनी में 7 साल की बच्ची के साथ जो छेड़खानी की गई थी वह वारदात सीसीटीवी में कैद हुई थी सीसीटीवी की फुटेज लेकर के बच्ची के परिजन शिवपुरी कोतवाली पुलिस के पास गए थे और यहां पर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश शिवपुरी कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ को दिए थे। इसके बाद तुरंत पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी की फुटेज निकाल कर फोटो के आधार पर उसकी पहचान की गई।

**पुलिया से कूद गया और हाथ पैर में फैक्चर:** पुलिस जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि उक्त आरोपी शिवपुरी शहर के आरके पुरम कॉलोनी में रहता है जिसका नाम राजा उर्फ दिलशाद है। पुलिस ने जब उसकी जांच पड़ताल की तो उक्त आरोपी अपने घर से फरार हो गया। पुलिस को इसके बांकड़े मंदिर के पास जंगल में छिपा होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने इसका पीछे किया तो यह एक पुलिया से कूद गया और इसके हाथ पैर में फैक्चर आ गया।

## कलचुरी कलार समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सीहोर।** स्थानीय अलादाखेड़ी स्टेडियम में कल्चुरी समाज के 21 जोड़ों का 12 वा निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सानंद संपन्न हुआ ।वरिष्ट समाज सेवी अखिलेश राय एवं लोकप्रिय विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान अंगवस्त्र उड़ाकर समिति अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, उपाध्यक्ष बनी राय, सुदर्शन राय, कोषाध्यक्ष परमानंद राय ,सचिव निलेश राय ,सह सचिव डॉ.विजेंद्र जायसवाल सहित समिति के सदस्यो द्वारा किया गया। समाजसेवी अखिलेश राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सहस्त्रबाहु भगवान के वंशज हैं और जिस क्षेत्र में हम जाते हैं उस क्षेत्र में अपना नाम करते हैं और करते रहेंगे ।इस अवसर पर युवक युवती परिचय सम्मेलन भी संपन्न हुआ। विवाह सम्मेलन में लगभग 5000 लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही। सीहोर शहर वरिष्ठ आशीर्वाद दाताओं का भी सम्मान किया गया।

# गौवंश का परिवहन करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**सीहोर, ईएमएस।** भेरुदा थाने के अन्तर्गत घटना लाडकुई की है मध्य रात्रि करीबन 11.00 बजे पुलिस स्टॉफ को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप गाडी क्रमांक स्क्र13-ब्र-2365 लाडकुई बायपास भिलाई जोड के किनारे खडी है जिसमे गौवंश भरे हुए है जिनको ग्रामीणों द्वारा रोका गया है। सूचना के आधार हमराह स्टाफ व मौके पर उपस्थित साक्षी दीपक ठाकुर व कमलेश के समक्ष चैक किया एंव गाडी में देखा तो रस्सी की मदद से जबरजस्ती बाँधे हुए 05 गौवंश जिसमें 05 बछडे( केडे) को क्रूरता पूर्वक वाहन में ठूस-ठूस कर भरे हुए थे जिनके पैर व मुंह रस्सी से बंधे हुए थे। सभी गौवंश को काटने के उद्देश्य से अवैध परिवहन कर स्लाटर हाउस ले जाने के लिये वाहन में भरे थे जिसमे 03 केडे सफेद रंग के, 02 केडे लाल रंग के थे। वाहन में ड्राईवर मिला जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पोपेल पिता ठोंगर सिहं बारेला उम्र 27 साल निवासी फलिया सीदडी तहसील राजपुर जिला बडवानी का होना बताया बाद उक्त केंडो के संबंध में पूछताछ की गई जिनके संबंध में कोई वैध कागजात न होना बताया । बाद गौवंश को क्रूरता पूर्वक वाहन में जबरजस्ती भर कर अवैध परिवहन के लिये उपयोंग किये जाने वाले वाहन पिकअप गाडी क्रमांक MP-13-GA-2365 गौवंश को हाथ व मुँह से बँधी हुए रस्सीयों के टुकडो एवं 05 जीवित गौवंश ( केडो ) को मौके पर समक्ष गवाहान के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# शिवपुरी में बनेगा नया एयरपोर्ट, सिंधिया ने सीएम यादव को दिया धन्यवाद

**शिवपुरी, ईएमएस।** केन्द्रीय मंत्री एवं गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया कि पहल पर मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में हवाई सेवा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में शिवपुरी स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में बदलने और एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को 292 एकड़ भूमि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।



इस ऐतिहासिक निर्णय पर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक्स पर धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, मध्य प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव जी का हृदय से धन्यवाद ! जिन्होंने राज्य कैबिनेट की बैठक में शिवपुरी में नवीन एयरपोर्ट के निर्माण एवं विमानों के संचालन हेतु 292 एकड़ भूमि की स्वीकृति प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। गौरतलब है ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में नागरिक उड्डयन मंत्री रहते हुए नागर विमानन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इसी दौरान उन्होंने गुना एवं शिवपुरी में नवीन एयरपोर्ट बनाए जाने के लिए मंजूरी प्रदान की थी। शिवपुरी एयरपोर्ट के निर्माण से क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होगी और पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी। शिवपुरी नया एयरपोर्ट बनने से अब पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। वैसे देखा जाए तो यहां पर माधव राष्ट्रीय उद्यान, सिंधिया घराने की छत्रियां, भदैया कुंड आदि स्थानों को देखने के लिए देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं लेकिन कनेक्टिविटी को लेकर परेशानी होती है। अब एयरपोर्ट बनने से आने-जाने में मदद मिलेगी।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद, खरगोन, जिला खरगोन (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक/06/MCK/1692/ई-टेंडर/2025 खरगोन, दिनांकः- 31/01/2025

::निविदा आमंत्रण सूचना::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है ।
उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| अ.क. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ | वार्ड क्र. 2 बी.टी.आई. रोड पर स्थित बच्चों के शमशान घाट की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य । | 2 माह लागत- | | |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

(छाया जोशी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, खरगोन

(भोलू कर्मा)
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, खरगोन

(धीरेन्द्र सिंह चौहान)
सभापति
लो.नि.विद्युत एवं यात्रिकी
नगर पालिका परिषद, खरगोन

(एम. आर. निंगवाल)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, खरगोन

### चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले स्टार्क भी ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हुए

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क 19 फरवरी से होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट से बाहर हो गये हैं। स्टार्क का बाहर होना ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी पहले ही बाहर हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है स्टार्क चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे।



### टेटे खिलाड़ी मनिका के पिता का निधन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका के पिता ने मंगलवार को अंतिम सांसें लीं। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से है। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।



# वनडे में भारत का क्लीन स्वीप, इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया, शुभमन गिल का शतक

अहमदाबाद (ईएमएस)।



भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन से पराजित कर दिया। इसी के साथ टीम ने वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

भारत से ओपनर शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। श्रेयस अय्यर ने 78, विराट कोहली ने 51 और केएल राहुल ने 40 रन बनाए। हर्षित राणा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं लगा सका, आदिल रशीद ने 4 विकेट लिए। भारत इससे पहले इंग्लैंड से टी-20 सीरीज 4-1 से जीत चुका है।

### अंग दान की अपील के लिए पहल

## बांह पर हरी पट्टी बांधकर उतरी भारत -इंग्लैंड टीम

अंग दान की अपील के लिए भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में अपनी बांह पर हरी पट्टी बांधकर उतरी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंग दान के लिए जागरुकता जगाने इस मैच में खिलाड़ियों से हरी पट्टी बांधकर उतरने कहा था। बीसीसीआई ने अपनी इस पहल का नाम जीवन बचाएं रहा है। बीसीसीआई ने इसी को लेकर कहा, 'दोनों टीम बीसीसीआई की पहल 'अंग दान करें, जीवन बचाएं का समर्थन करने के लिए बांह पर हरे रंग की पट्टी पहनकर मैदान में उतरीं। इस पहल की अगुवाई आईसीसी के चेयरमैन जय शाह कर रहे हैं। शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारत और इंग्लैंड के बीच 12 फरवरी को अहमदाबाद में होने वाले तीसरे एकदिवसीय के दौरान हमें एक जागरूकता पहल, अंग दान करें, जीवन बचाएं शुरू करने पर गर्व है। उन्होंने लिखा, 'खेल में प्रेरित करने, एकजुट करने और मैदान के बाहर भी स्थायी प्रभाव पैदा करने की शक्ति है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से सबसे बड़ा उपहार जीवन का उपहार देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। शाह ने लिखा, 'एक प्रतिज्ञा, एक निर्णय, कई लोगों की जान बचा सकता है। चलिए एक साथ आएं और बदलाव लाएं ! बीसीसीआई की इस पहल का समर्थनविराट कोहली और उप कप्तान शुभमन गिल सहित कई खिलाड़ियों ने किया है। कोहली ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'सबसे बड़ा शतक बनाएं। आपके अंग दूसरों को आपके जीवनकाल के बाद भी जीने में मदद कर सकते हैं। एक अंग दाता के रूप में पंजीकरण करें और हर जीवन को महत्वपूर्ण बनाएं। वहीं शुभमन ने कहा, 'जीवन के कप्तान बनें। जिस तरह एक कप्तान टीम को जीत की ओर ले जाता है, उसी तरह आप अपने अंगों को दान करने का संकल्प लेकर किसी को जीवन दे सकते हैं। इस पहल का समर्थन करने श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी आगे आये। अय्यर ने कहा, 'एक अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। आज ही प्रतिज्ञा करें और मानवता के लिए छक्का लगाएं।

### लीजेंड लीग में खेलकर उत्साहित हैं धवन

रायपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन आजकल लीजेंड 90 लीग में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से छाये हुए हैं। धवन ने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रन बनाये थे। पारी इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी भी उतरे हैं। दिल्ली रॉयल्स की ओर से खेल रहे धवन ने इस लीग के आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे पूर्व क्रिकेटरों को भी उसी रोमांच के गुजरने का अनुभव मिलता है जिसका कभी वह हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि इस लीग को बहुत अच्छे तरीके से आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें काफी अच्छी हैं। इसके साथ ही प्रशंसकों से भी काफी समर्थन मिल रहा है। साथ ही कहा कि 90 गेंद क्रिकेट का या ये प्रारूप हमारे जैसे खिला?ियों के लिए एक अलग ही अनुभव है। हमने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी दबाव में खेला पर यहां हम खेल का आनंद ले सकते हैं। शिखर ने कहा, इस लीग का क्रेज बहुत जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह दर्शकों से इसे भरपूर प्यार मिलने वाला है।

# बुमराह, यशस्वी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए, हर्षित राणा और वरुण शामिल

मुम्बई (ईएमएस)।



भारतीय क्रिकेट टीम 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण बुमराह को अंतिम टीम से बाहर कर दिया है। उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया गया है। बुमराह के अलावा यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया है। वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। बुमराह के नहीं खेलने से भारतीय टीम को झटका लगा है पर चयन समिति के पास उन्हें बाहर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

एक रिपोर्ट के अनुसार बुमराह को लेकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच लंबी बातचीत हुई। इन तीनों ने ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख नितिन पटेल की उस रिपोर्ट पर बात की जिसमें कहा गया कि बुमराह ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है और स्कैन रिपोर्ट ठीक लग रही है पर ये अभी नहीं कहा जा सकता है कि वह टूर्नामेंट शुरू होने तक पूरी तरह फिट होकर गेंदबाजी कर पाएंगे या नहीं। ऐसे में चयनकर्ता उनको लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते थे। बुमराह को पांच सप्ताह के लिए कार्यभार से मुक्त रखने को कहा गया है। एनसीए प्रमुख ने फैसला अगरकर पर छोड़ दिया था क्योंकि कोई भी अनफिट खिलाड़ी को टीम में रखना नहीं चाहेगा। अगर मेडिकल टीम किसी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर हरी झंडी नहीं देती है, तो चयन समिति भी उसे शामिल करने का जोखित नहीं ले सकती। अगरकर, गंभीर और कप्तान रोहित के बीच अहमदाबाद में हुई बैठक के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि क्या वे चैंपियंस ट्रॉफी में अनफिट बुमराह को लेंगे या हर्षित को रखेंगे। बुमराह को रखने में एक खतरा ये था कि अगर वह मैच में चोटिल हो जाते तो और भी नुकसान होगा। इससे पहले साल 2022 में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक सीरीज के लिए चेतन शर्मा की समिति ने बुमराह को खेलने का अवसर दिया गया था पर उसका परिणाम नुकसानदेह रहा था। चैंपियंस ट्रॉफी, 2025 के लिए भारतीय टीम-रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती। ट्रैवलिंग रिजर्व : मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे और यशस्वी जयसवाल।

### पटना के मोइनुल हक स्टेडियम को विश्व स्तरीय मुकाबले के लिए अत्याधुनिक रुप देगा बीसीए


**पटना (ईएमएस)।** आने वाले समय में बिहार की राजधानी पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में विश्व कप सहित कई बड़े मैचों का आयोजन होगा। इसका कारण है कि इस स्टेडियम को अब अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके लिए हार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक करार भी किया है। बीसीए का लक्ष्य इस इस क्रिकेट स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है जिससे यहां राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर के मैचों की मेजबानी की जा सके।

### इस साल आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है दक्षिण अफ्रीका : स्मिथ

**जोहानिसबर्ग (ईएमएस)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इसी साल उनकी टीम आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने आज तक कोई भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। स्मिथ ने कहा, 'उम्मीद है कि हम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही कोई आईसीसी ट्रॉफी जीत लेगे। फिर चाहे वह चैम्पियंस ट्रॉफी हो या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद निवेशकों के 21 लाख करोड़ डूबे

मुम्बई (ईएमएस)।



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। देशी कंपनियों के घरेलू तिमाही के कमजोर परिणामों से भी बाजार पर दबाव आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 122.52 अंक या 0.16 फीसदी नीचे आकर 76,171 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.55 अंक तकरीबन 0.12 फीसदी टूटकर ,045.25 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में जारी गिरावट से निवेशकों के 21 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 12 फरवरी को घटकर 4,07,46,408 करोड़ रुपये ही रह गया। वहीं पिछले बुधवार को यह 4,28,03,611 करोड़ रुपये था। इस तरह, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर 20,57,203 करोड़ रुपये कम हुआ है।वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का सिलसिला जारी है। विदेशी निवेशक हर दिन भारतीय स्टॉक बेच रहे हैं। एफआईआई ने मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में 4,486.4 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इसे पहले गत दिवस भी बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 1,018 अंक गिरकर 76,293.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 310 अंक गिरकर 23,072 पर बंद हुआ। आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स में तेजी के बाद भी बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा गिरावट रही।

देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के कमजोर परिणामों के साथ ही जीडीपी की धीमी वृद्धि से भी बाज़ार पर दबाव आया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से जुड़ी चिंताओं के कारण भी बाजार लगातार गिर रहा है। यह पिछले पांच कारोबारी सत्रों में गिरावट के साथ बंद हुआ है।

सेंसेक्स आज सुबह 100 से ज्यादा अंक नीचे आया। सुबह सेंसेक्स 827.53 अंक या 1.08 फीसदी फिसलकर 75,466 पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारत में शुद्ध रूप से 4,486 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,001.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.21 फीसदी, हांगकांग के हैंग सेंग में 0.8 फीसदी और दक्षिण कोरिया के कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया के एएसएक्स200 में हल्की बढ़त रही। अमेरिका में एसएंडपी 500 में 0.03 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.36 फीसदी की गिरावट और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.28 फीसदी की बढ़त रही।


### रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई (ईएमएस)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.89 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह भारतीय रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 86.65 पर खुला । वहीं मंगलवार को रुपया 28 पैसे की भारी गिरावट के साथ ही 86.73 पर बंद हुआ। गत दिवस सुबह कारोबार में रुपया 61 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया।

व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के कारण व्यापक आर्थिक अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है, जिससे वैश्विक मुद्रा बाजारों पर काफी प्रभाव पड़ा है। रुपया इस उठापटक के बीच सोमवार को 88 के स्तर के करीब पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और फिर सुबह के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 87.45 पर बंद हुआ था।

# भारत बनेगा सेमीकंडक्टर हब, अमेरिकी कंपनी 10 हजार करोड़ का करेगी निवेश

नई दिल्ली,(ईएमएस)।



भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। अमेरिकी चिप-मेकिंग टूल्स निर्माता लैम रिसर्च देश में 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह निवेश कर्नाटक में किया जाएगा। राज्य की निवेश एजेंसी इन्वेस्ट कर्नाटक ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घोषणा की पुष्टि की और बताया कि कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे सेमीकंडक्टर सफर में एक और मील का पत्थर। लैम रिसर्च ने भारत में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के बड़े निवेश की घोषणा की है। लैम रिसर्च सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए जरूरी उपकरण विकसित करने वाली प्रमुख कंपनी है। इसके उत्पाद मुख्य रूप से वैफर प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर डिवाइसेस की वायरिंग में इस्?तेमाल किए जाते हैं। इन्वेस्ट कर्नाटक' के एक्स हैंडल से भी इस निवेश को लेकर जानकारी साझा की गई।

एक पोस्?ट में कहा गया कि इन्वेस्ट कर्नाटक 2025ङ्कग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में, लैम रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेशा वरदराजन ने कर्नाटक में बड़े निवेश की घोषणा की। हमने केआईएडीबी के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत अगले कुछ सालों में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा। यह राज्य में नवाचार और विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

भारत में सेमीकंडक्टर कंपनियों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया था। सालों से इस क्षेत्र में विश्वसनीय निवेश लाने में असफल रहा भारत, 2023 में माइक्रोन को गुजरात में 22,500 करोड़ रुपए की टेस्टिंग और पैकेजिंग यूनिट स्थापित करने के लिए राजी कर लिया था। इसके बाद फरवरी 2024 में 1.3 लाख करोड़ रुपए के तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अब लैम रिसर्च के निवेश से भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# चालू वित्त वर्ष में सरकार का टैक्स से भर रहा खजाना

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** चालू वित्त वर्ष में सरकार की टैक्स से आय लगातार बढ़ रही है। देश का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 1 अप्रैल से 10 फरवरी की अवधि के बीच पिछले साल की तुलना में 14.69 फीसदी बढ़कर 17.78 लाख करोड़ रुपए हो गया है। डायरेक्ट टैक्सेज में कॉर्पोरेट और पर्सनल टैक्स शामिल हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स के डेटा के मुताबिक नेट नॉन-कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़कर करीब 9.48 लाख करोड़ रुपए हो गया है। नॉन-कॉरपोरेट टैक्स में मुख्य रूप से पर्सनल इनकम टैक्स शामिल है।

1 अप्रैल, 2024 से 10 फरवरी, 2025 के बीच नेट कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 6 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 7.78 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) से नेट कनेक्शन चालू



वित्त वर्ष में अब तक 65 फीसदी बढ़कर 49,201 करोड़ रुपए हो गया है। इस अवधि में 4.10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के रिफंड जारी किए हैं।

मोटे अर्थों में टैक्स 2 कैटेगरी में बांटा जाता है। डायरेक्ट टैक्स और इनडायरेक्ट टैक्स। डायरेक्ट टैक्स वह है, जो सीधे लिया जाता है। इनकम टैक्स, शेयर या दूसरी प्रॉपर्टी की आय पर लगने वाले टैक्स, कॉर्पोरेट टैक्स, विरासत में मिली संपत्ति पर टैक्स इसी कैटेगरी में आते हैं। इनडायरेक्ट टैक्स सीधे-सीधे तो आम आदमी से नहीं लिया जाता है, लेकिन किसी न किसी तरह से ये आम आदमी को ही देना होता है। मिसाल के तौर पर एक्साइज टैक्स, जीएसटी, कस्टम टैक्स।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट रही। दोनों के वायदा भाव आज नीचे आये। आज सोने के वायदा भाव 84,900 रुपये जबकि चांदी के वायदा भाव 94,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अंतरराष्टीय बाजार में भी सोने और चांदी की वायदा कीमतों में कमजोरी रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल अनुबंध आज 597 रुपये की गिरावट के साथ ही 84,926 रुपये के भाव पर खुला। एक समय यह अनुबंध 635 रुपये की गिरावट के साथ 84,888 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव इसी महीने 86,360 रुपये के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचे थे। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च अनुबंध आज 308 रुपये नीचे आकर 94,208 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 527 रुपये की गिरावट के साथ 94,041 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 94,260 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 94,040 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर पर पहुंचा। वहीं पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतराष्टीय बाजार में आज सोने और चांदी के वायदा भाव में कमजोरी रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,927 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,932.60 डॉलर प्रति औंस था। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.25 डॉलर के भाव पर खुले, इसका पिछला बंद भाव प्राइस 32.32 डॉलर था। अंतरराष्टीय बाजार में आज सोने और चांदी के वायदा भाव में कमजोरी रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,927 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,932.60 डॉलर प्रति औंस था।

## एक इंकार से एलन मस्क की 13,74,13,60,35,000 रुपये कम हो गई संपति

**मुंबई (ईएमएस)।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को बड़ा झटका लगा। टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट के कारण उनकी नेटवर्थ में 15.9 अरब डॉलर यानी करीब 13,74,13,60,35,000 रुपए कम हो गई। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, अब उनकी कुल संपत्ति घटकर 379 डॉलर अरब रह गई है। इस साल अब तक मस्क की संपत्ति में कुल 53.7 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई है। इस बीच मस्क ने चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई को खरीदने के लिए 97.4 अरब डॉलर का प्रस्ताव दिया था लेकिन ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ऑल्टमैन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि यदि मस्क चाहें, तब वे ट्विटर (अब एक्स) को खरीदने के लिए तैयार हैं। इस बीच दुनिया के टॉप 10 रईसों में से 6 की नेटवर्थ में गिरावट रही। मार्क जुकरबर्ग, बर्नार्ड आरनॉल्ट, बिल गेट्स और वॉरेन बफे की नेटवर्थ में तेजी आई। जेफ बेजोस, लैरी एलिसन, लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन और स्टीव बाल्मर की नेटवर्थ में गिरावट आई। अमीरों की लिस्ट में जुकरबर्ग (253 अरब डॉलर) दूसरे, बेजोस (252 अरब डॉलर) तीसरे, एलिसन (199 अरब डॉलर) चौथे, आरनॉल्ट (189 अरब डॉलर) पांचवें, पेज (166 अरब डॉलर) छठे, गेट्स (166अरब डॉलर) सातवें, ब्रिन (156 अरब डॉलर) आठवें, बफे (148 अरब डॉलर) नौवें और बालमर (144 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। इसके पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 78.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह 87.6 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.96 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर बने हुए है। दूसरी ओर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 79.8 करोड़ डॉलर की तेजी आई।

## 1 डॉलर के निवेश कर 698 करोड़ रुपए कमाए, सेबी ने लिया एक्शन

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सिक्योरिटी एंड मार्केट एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने हिमाचल प्रदेश की कंपनी एलएस इंडस्ट्रीज और इससे जुड़ी 4 अन्य कंपनियों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें मार्केट से बैन किया है। इन कंपनियों पर शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने और दुबई से जुड़े एक बड़े निवेश के जरिए गड़बड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि दुबई के निवेशक जहांगीर पणिक्कवीट्टिल पेरुम्बरामबाथू (जेपीपी) ने महज 1 डॉलर के निवेश से 698 करोड़ रुपए तक का मुनाफा कमाया। सेबी की जांच में सामने आया हैं कि जेपीपी ने कंपनी के 10.28 करोड़ शेयर एक डॉलर में खरीदे थे और कंपनी का रेवेन्यू जीरो होने के बावजूद इसके शेयरों में वैल्यू 10 फरवरी 2025 तक 698 करोड़ रुपए हो गई। जेपीपी के निवेश, जिसकी कीमत अब कंपनी के हाई वैल्यू 328.6 मिलियन डॉलर है, ने फेमा विनियमों के संभावित उल्लंघनों पर चिंताएं पैदा कर दी हैं। कंपनी के पहले के डायरेक्टर सुएट मेंग चाय ने कंपनी की 12.12 फीसदी की हिस्सेदारी जेपीपी को सिर्फ 1 डॉलर में ट्रांसफर कर दी थी।

## इंदौर बाजार भाव

इन्दौर (ईएमएस)। उठाव की सुस्तता से बुधवार को अनाज मंडी में उड़द व मूंग बाजार नरमी पर रहे। खाद्य तेलों में सुस्ती आयी। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना बाजार में शक्कर व खोपरा गोला मजबूत रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार उड़द व मूंग में बाजार 50-100 रू. प्रति क्विंटल तक की नरमी दिखा गये। चना बना रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में बाजार बने रहे। उधर, किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। भाव इस प्रकार रहे :- दलहनों में चने में पूछपरख रही। वहीं, किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला बाजार सुर्खी पर रहा। भाव इस प्रकार रहे :-

### मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

**भोपाल(ईएमएस)।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के पर्यटन स्थल मढ़ई को प्लास्टिक मुक्त कर दिया गया है। मढ़ई में जंगल सफारी करने वाले पर्यटक प्लास्टिक की बोतल में पानी और पॉलिथिन में सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। जंगल सफारी पर जाने वाले टूरिस्ट को टिकिट काउंटर या गेट पर ही प्लास्टिक और पॉलिथिन को जमा करना होगा।

### संत रविदास जयंती पर पीसीसी में कार्यक्रम

**भोपाल (ईएमएस)।** संत रविदास जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के राजीव गांधी सभागार में बुधवार 12 फरवरी, 2025 को दोपहर 12 बजे कांग्रेसजनों द्वारा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रशासन प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि संत रविदास जयंती पर कांग्रेसजनों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# आईएसबीटी प्लॉट घोटाले में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे पर एफआईआर ईओडब्ल्यू की कार्रवाई



**भोपाल,ईएमएस ।** मध्यप्रदेश विधान सभा के उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने एफआईआर दर्ज की है। यह मामला भोपाल के आईएसबीटी प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में गड़बड़ी से जुड़ा है। जांच के बाद कटारे सहित उनकी पत्नी, भाई और बहू समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। ईओडब्ल्यू ने भोपाल विकास प्राधिकरण (BDA) के तत्कालीन सीईओ केपी राही, ओएसडी मनोज वर्मा और मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स पर भी केस दर्ज किया है। आरोप है कि अधिकारियों ने साठगांठ कर नियमों के विरुद्ध कटारे परिवार को प्लॉट आवंटित किया।

शिकायतकर्ता हर्षवर्धन नगर निवासी सीआर दत्ता की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने जांच की थी। जांच में सामने आया कि BDA ने बिना उचित प्रक्रिया के हाई स्पीड मोटर्स नाम की कंपनी को जमीन दी, जिसमें हेमंत कटारे, योगेश कटारे और अन्य साझेदार थे।

#### जांच रिपोर्ट के अनुसार

नियमों का उल्लंघन प्लॉट का आवंटन नियमों के विपरीत हुआ।

**अनुचित लाभ :** भूमि का उपयोग बदलकर उसे कॉमर्शियल किया गया। मूल्य निर्धारण में **अनियमितता :** प्लॉट की कीमत मनमाने तरीके से तय की गई। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में धारा 120बी, 420, 468, 471 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

#### राजनीतिक हलचल तेज

हेमंत कटारे ने हाल ही में पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि भूपेंद्र सिंह ने सौरभ शर्मा की नियुक्ति में अनुचित दखल दिया था। इसके जवाब में सिंह ने कटारे पर दुष्कर्म मामले की एफएसएल रिपोर्ट बदलवाने का आरोप लगाया था।

इस एफआईआर के बाद राज्य की राजनीति में उथल-पुथल मच गई है। विपक्ष ने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार दिया है, जबकि सरकार ने कहा है कि जांच के बाद ही कार्रवाई हुई है।

### मोहन सरकार में संविधान और लोकतंत्र की अवहेलना हो रही है

# मध्यप्रदेश में आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं : जीतू पटवारी

**भोपाल (ईएमएस)।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार आज डिंडौरी जिले के शाहपुरा और डिंडौरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों के बीच पहुंचे जहां उन्होंने स्थानीय वरिष्ठ कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठकें की।

पटवारी ने इस दौरान मंडला पहंचे जहां कांग्रेस विधायक नारायण पट्टा के साथ प्रशासन द्वारा बरती गई बदसलूकी की घोर निंदा करते हुये प्रशासनिक अधिकारियों से मिले और प्रशिक्षु आईएएस आकिब खान के विरूद्ध कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुये कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि जब एक विधायक प्रतिनिधि, उनकी माजी और और आदिवासी अस्मिता का अपमान प्रशासन द्वारा किया जा सकता है तो तो आम जनता का क्या हश्र होगा, प्रशासन द्वारा की जा रही हठधर्मिता से से प्रतिनिधियों की अवमानना के साथ, लोकतंत्र का सम्मान भी कम हुआ है, प्रशासन को चेतावनी देते हुये मामले पर शासकीय कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। मंडला पहुंचे पटवारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह देखते हुये कहा कि में आपके प्रेम और स्नेह से अभिभूत हूं। आपका उत्साह हमारे साझा संकल्प में भी शामिल है और यही यही कांग्रेस के



विचार को भी जन-जन तक पहुंचाएगा ! संगठन को ऊंचाइयां देगा. संघर्ष के इस दौर में हम सभी मिलकर लडेंगे और अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। कांग्रेस के लोगों पर बीजेपी के लोग जरा भी अराजकता करेंगे उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

श्री पटवारी ने कहा कि मैं कांग्रेस के एक-एक सिपाही को पूरी तरह से आश्वस्त करना चाहता हूं, जोर-जुल्म की लड़ाई में जहां आपका पसीना गिरेगा, मैं वहां अपने खून की एक-एक बूंद बहाने के लिए तत्पर हूं। यह वर्ष संगठन की मजबूती के लिए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसीलिए, कांग्रेस के विचार और संस्कार को प्रदेश के गांव-गांव में पहुंचने के लिए, हम सभी संकल्पबद्ध हैं। श्री पटवारी ने कहा कि हमें जनता ने विपक्ष की भूमिका दी है और हम सड़क पर रहकर उसेभमिका को पूरी जवाबदारी के साथ निभा रहे ह भारतीय जनता पार्टी ने जो वादे किए वह पूरे नहीं किया तो आप सड़क पर रहो 3100 रूपये धान के दाम 2700 रूपये गेहूं के दाम 6000 रूपये हजार सोयाबीन के दाम 450 रूपये का सिलेंडर और 3000 रूपये महिलाओं को देने के लिए भाजपा ने वादे किये थे क्या भाजपा ने यह सब वादे पूरे किये?

श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह वर्ष संगठन-संघर्ष पर्व के रूप में मना रही हैं। संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर मोहल्ला कांग्रेस कमेटियां बनायी जायेगी, जिसमें अजा, अजजा, ओबोसी, सामान्य वर्ग के लोगों को बराबरी से शामिल किया जायेगा। संविधान की पुस्तक सिर पर रखकर में संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा, जिसके लिए गांव-गांव में पदयात्राएं की जाएगी। श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे हैं। इससे मोहन सरकार का आदिवासियों पर अत्याचारी चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो रहा है। सबसे ज्यादा अत्याचार यहां बहनों पर यहां हो रहे हैं, सबसे ज्यादा आदिवासी, दलित महिलाएं, बच्चियां और किशोरियां मप्र में गायब हो रही हैं। मोहन सरकार में संविधान और लोकतंत्र की लगातार अवहेलना हो रही है। श्री पटवारी ने एक अन्य बयान में कहा कि प्रदेश के गृहमंत्री के गृहनगर उज्जैन के कोर्ट परिसर में ही महिला वकील पर केस नहीं लड़ने पर धमकाते हुए हमला किया गया।

## संत रविदास आध्यात्मिक गुरु ही नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे : राज्य मंत्री टेटवाल

**भोपाल(ईएमएस)।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। राज्य मंत्री टेटवाल संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने उस दौर में भी समाज को समानता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया, जब भेदभाव और छुआछूत चरम पर था। वे केवल शिक्षा के प्रचारक नहीं थे, बल्कि उन्होंने समाज को कौशल से संपन्न बनाकर रोजगार से जोड़ने का कार्य भी किया। राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि उनके विचार इतने प्रभावशाली थे कि सिख धर्म के गुरु ग्रंथ साहिब में भी उन्हें स्थान मिला और आज भी गुरुद्वारों में उनके आदर्शों को गाया जाता है।

राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी के गुरु रामदास जी थे, और मीराबाई ने भी उन्हें ही अपना गुरु माना था। उनके विचारों ने समाज में एक नई चेतना जगाई, जो शिक्षा और हुनर दोनों को समान रूप से महत्व देती है। इसी भावना के अनुरूप आज ग्लोबल स्किल्स पार्क युवाओं को आधुनिक तकनीकी दक्षता से सशक्त कर रहा है।

राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी के विचारों के अनुरूप हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ज्ञान और कौशल को अपनी ताकत बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों। यह डिजिटल युग अवसरों से भरा है, और युवाओं को इनका पूरा लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार करना चाहिए।

## राज्यपाल से मिले सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष को लेकर हलचल तेज

**भोपाल,(ईएमएस)।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार शाम भोपाल पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और कृष्णा घाड़गे ने स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राज्यपाल राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। दरअसल सिंधिया नरोत्तम मिश्रा के घर भी पहुंचे थे। सिंधिया चार इमली स्थित पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के घर पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब 15 मिनट तक बातचीत हुई। इस मुलाकात को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की चर्चा जोरों पर है।

#### शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात

सिंधिया केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर भी पहुंचे। शिवराज ने उन्हें अपने बेटों की शादी का न्योता दिया। राजनीतिक गलियारों में इसे गठबंधन की मजबूती का संकेत माना जा रहा है।

#### कोन बनेगा बीजेपी का नया प्रदेश अध्यक्ष ?

बीजेपी संगठन चुनाव तेजी से हो रहे हैं: 65,000 बूथ समितियों का गठन पूरा। 1,100 मंडल अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। 62 जिला अध्यक्षों का चयन हो चुका है। अब सबकी नजरें प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव पर टिकी हैं।

#### मंत्री करण सिंह वर्मा से चर्चा

सिंधिया राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के घर भी गए। पार्टी संगठन और चुनाव को लेकर गोपनीय चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। सोमवार को कैलाश विजयवर्गीय भी नरोत्तम मिश्रा के घर पहुंचकर चर्चा कर चुके हैं। सिंधिया की मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए लॉबिंग तेज हो गई है। सिंधिया की सक्रियता से संकेत मिल रहा है कि प्रदेश संगठन में बड़े बदलाव हो सकते हैं। नरोत्तम मिश्रा और कैलाश विजयवर्गीय जैसे दिग्गजों की सक्रियता बीजेपी नेतृत्व की रणनीति की ओर इशारा कर रही है। क्या सिंधिया गुट को प्रदेश संगठन में अहम भूमिका मिलेगी? यह देखना दिलचस्प होगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः "ईएमएस हाउस" यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेल: expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।